3. ।। पश्चिम की ओर मुख करके पढ़े।।

पश्चिम दिशा विदिशा में अरहंत, सिद्ध, साधु, केवलि, कृत्रिमा-कृत्रिम जिन चैत्य-चैत्यालय जहाँ-जहाँ हो उनको मेरा मन से, वचन से, काय से बारम्बार नमस्कार होवे।

4. ।। उत्तर की ओर मुख करके पढ़ें।।

उत्तरदिशा विदिशा में अरहंत, सिद्ध, साधु, केवलि, कृत्रिमा-कृत्रिम जिन चैत्य-चैत्यालय जहाँ-जहाँ हो उनको मेरा मन से, वचन से, काय से बारम्बार नमस्कार होवे।

सामायिक करने की दृढ़ प्रतिज्ञा

हे भगवान ! मैं आपको नमस्कार करता हुआ संध्याकाल की देव वंदना में सामायिक स्वीकार करता हूँ। अर्थात् सामायिक काल पर्यन्त* (इस समय तक) किसी प्रकार का आरम्भ नहीं करूँगा और न इस स्थान को छोड़कर स्थानांतर गमन करूँगा तथा जो मेरे शरीर पर परिग्रह है, उससे निर्ममत्व होता हुआ, अन्य सब परिग्रहों को छोड़ता हूँ।

* (यहाँ समय की मर्यादा कर लेना चाहिये।)

सामायिक काल में करने योग्य चिंतवन

1. सम्पूर्ण भव्यों के लिये इष्ट सिद्धि के सर्वोत्तम कारण तथा सम्यक दर्शन, ज्ञान, चरित्र के प्रतिपादन करने वाले अनन्तानंत सिद्धों को मेरा नमस्कार हो।
2. प्रणाम करते हुए इन्द्रों की मुकुटों पर जिन प्रभु के चरणों की प्रभा प्रकाशमान हो रही है, ऐसे तीनों लोक के मंगल स्वरूप श्री वर्द्धमान स्वामी को मेरा नमस्कार हो।
3. सिद्ध हो चुके हैं समस्त कार्य जिनके तथा परम सुख को प्राप्त हुए सम्पूर्ण सिद्धों को भक्तिवश हम प्रणाम करते हैं। वे सिद्ध प्रभु हमें अविनाशी मोक्ष प्रदान करें।
4. मैं निर्दोष सिद्धों को तथा मुनि समुदाय को नमस्कार करता हूँ, तथा संसार के परिभ्रमण को नाश करने वाली सामायिक को धारण करता हूँ।
5. द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव से मैंने कभी किसी की निन्दा की हो, तो मैं मन, वचन, काय से उसका प्रतिक्रमण (पश्चाताप) करता हूँ।
6. मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ, सब जीव मुझ पर क्षमा करें, मेरा सब प्राणियों से मैत्री भाव है, किसी से बैर भाव नहीं है।
7. सर्व प्राणियों से सम भाव रखना, संयम पालन करना, पवित्र भाव रखना तथा आर्त रौद्र परिणामों का छोड़ना ही सच्चा सामायिक वृत है।
8. मैं सम्पूर्ण प्राणियों से समता रखता हूँ, किसी से बैर भाव नहीं है, मैं सर्व आशाओं को छोड़कर समाधि का आश्रय लेता हूँ।
9. राग द्वेष अथवा मोह से मैंने किसी जीव की विराधना की हो, तो वे मुझ को क्षमा करें, मैं भी उनको बार-बार क्षमा करता हँ।
10. मन, वचन, काया से अथवा कृत कारित अनुमोदना से मैंने अपने रत्नत्रय में जो दोष लगाये हों, उनकी मैं निन्दा ग्रही करता हूँ और उनका परित्याग करता हूँ।
11. तिर्यन्च, मनुष्य देवकृत, उपसर्ग को मैं इस समय धैर्य पूर्वक सहन करूंगा तथा शरीर, आहार व कषायों को मन, वचन, काय से छोड़ता हूँ।
12. मैं राग, द्वेष, भय, शोक, हर्ष, विषाद, दीनता तथा सब प्रकार की प्रीति और अप्रीति को मन, वचन, काय से छोड़ता हूँ।

13. जीवन, मरण, लाभ, हानि, योग, वियोग, बंधु-शत्रु तथा सुख-दुख में मेरे सदा समता भाव रहें।

हे भगवन् ! मैं इर्यापथ की आलोचना करता हूँ। पूर्वोत्तर, दक्षिण, पश्चिम, चारों दिशा और ईशानादि विदिशाओं में इधर-उधर फिरने और ऊपर की दृष्टिकर चलने से मैंने प्रमादवश द्विन्द्रियादिक प्राणियों का घात किया हो, कराया हो व अनुमति की हो, वे पाप मिथ्या होवें।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं। चत्तारि मंगलं, अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं केवलि-पण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा-अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवली पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारिसरणं पव्वज्जामि-अरिहंते सरणं पव्वज्जामि, सिद्धेसरणं पव्वज्जामि साहू सरणं पव्वज्जामि, केवली-पण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि। ॐ नमोऽर्हते स्वाहा।

सामायिक काल में करने योग्य भावना

शुद्ध निश्चय नय से मेरी आत्मा शुद्ध है, बुद्ध है, एक है, निजानंद है, निष्कषायी, अपवेदी, अकर्त्ता, निकल (शरीर रहित), अचल निर्लेप, वीतरागी, अविनाशी, अनुपम, अमेय (टंकोत्कीर्ण), अक्षय, अमल, अजर, अरुज, अभय, एकाकार, अनादि, अनन्त, अव्याबाध, अजेय, अतीन्द्रिय एवं सुखमय है।

मैं नित्यानन्द, सहजशुद्ध चैतन्य स्वरूपी जीव द्रव्य हूँ। मैं सदा निजानन्द स्वरूप में लवलीन हूँ।

मैं अखण्ड, अद्वैत, स्वाभाविक चैतन्य विलास से अक्षय आनन्द का भोक्ता हूँ। शाश्वत सुख का स्वामी, सदा शिवस्वरूप आत्म भगवान् (भगवान आत्मा) हूँ।

मैं निश्चय से परऔपाधिक भावों से रहित सुखानंद, ज्ञानानंद, ज्योतिर्मयी, नित्य प्रकाशमान, निपुण, परमपुरुषोत्तम, भगवान स्वरूप हूँ।

एक अनुपम अनन्य परिपूर्ण मेरा धाम है। मैं सदा काल मेरी आत्मा में तृप्त हूँ। शुद्ध त्रिकाली अखंड, चिदानन्द, परमात्म स्वरूप शक्ति से भगवान स्वरूप हूँ। मैं अनन्त, सर्वज्ञ, वीतरागी, निराकार, निरंजन, ज्ञाता द्रष्टा, चिन्मूर्ति, शुद्ध स्वरूपी, निर्मोही, निष्कंप, निर्ममत्व, अरुपी, अमूर्तिक आत्म द्रव्य हूँ।

मैं न परका कर्ता हूँ, न भोक्ता हूँ, न रागी हूँ, न द्वेषी हूँ, सर्व पर–भावों से भिन्न हूँ, नौकर्म से भिन्न हूँ, द्रव्य कर्म से भिन्न हूँ, भाव कर्म से भिन्न हूँ, परपरणति से भिन्न हूँ, क्षणिक भाव से भिन्न हूँ, कर्मजन्य औपाधिक भावों से भिन्न हूँ, पंच पापों से भिन्न हूँ और सर्व पर द्रव्यों से भिन्न हूँ।

मैं मेरे से अभिन्न हूं, एकाकार हूँ, चिदानन्दस्वरूप हूँ। मैं आत्मानन्दी, सहजानन्दी, ज्ञानानन्दी, चिदानन्दी, निजानन्दी, परमानन्दी, जिनेश्वर, सिद्धेश्वर, बुद्धेश्वर, परमेश्वर, ब्रह्मा, विष्णु, शंकर, शिव, गणपति, पुरुषोत्तम, परमानंद, आत्माराम, चैतन्य, अद्वैत आदि परमानन्द स्वरूप निज कारण परमात्मा से परम तपोधन, शुद्ध, निश्चल, उपयोग–स्वरूप हूँ। मेरा चैतन्य विलास–निर्विकार अनुपम धाम स्वरूप है जैसेह्नह्न तुषमाष भिन्न, जल से कमल भिन्न है। इसी तरह शरीर अलग है, आत्मा अलग है, शरीर नाशवान है। जीव अजर अमर अविनाशी है।

मैं अखंडानन्द, एक अद्वैत चेतन स्वरूप भावों से भरपूर शुद्ध जीवास्तिकाय हूँ। मैं शुद्ध निश्चयनय से विचार करता हूँ तो मैं न नारकी हूँ न देव हूँ, न तिर्यंच हूँ, न मनुष्य हूँ, न मेरे में गुणस्थान हैं, न मैं पर का कर्त्ता, हर्त्ता व भोक्ता हूँ, न बालक हूँ, न युवा हूँ, न वृद्ध हूँ, न मैं क्रोधादि, रागादि परिणामों का कर्ता हूँ। ये सर्व पुद्गल कृत–कार्य हैं, मैं तो उनको मात्र जानने वाला ज्ञायक स्वभावी आत्मा हूँ। न मैं इन अवस्थाओं का कर्ता हूँ, न भोक्ता, मैं एक अखंडानन्द चैतन्य मात्र ज्ञाता दृष्टा स्वभावी आत्मा हूँ। सदा मैं मेरे चैतन्य परिणाम का कर्ता और स्वाभाविक सुख का भोक्ता हूँ, पर का न मैं किंचित् मात्र कर्त्ता हूँ, न भोक्ता हूँ।

आरम्भ और बहु परिग्रह के धारक अज्ञानी (व्यवहारी) जीव अपने रागादि सद्भाव से उन नरकादि दुर्गतियों का भोग करते है। जिनसे उनका जन्म मरण (संसार) नहीं मिटता है। मैं उन सर्व कृतियों से भिन्न हूँ। संसार दुःख कूप है, अनित्य है, अशरण है, दुःखमय है, नश्वर है। मैं सुख रूप नित्य शरण रूप ज्ञायक, ज्ञान दर्शन से परिपूर्ण हूँ। मैं एक परम शुद्धपारिणामिक भाव का धारक हूँ।

मैं परम चैतन्यमयी एक ज्ञान सत्तामात्र सुख में उत्कृष्ट आत्मिक तत्व के अनुभव में लवलीन हूँ, मैं स्वाभाविक निश्चयनय से सदा निरावरण, शुद्ध ज्ञान स्वरूपी हूँ, मैं सहज चैतन्यमय शान्ति का धारक हूँ।

शुद्ध निश्चयनय से मेरा आत्मा सहज दर्शन गुण से प्रकाशमान, परिपूर्ण, चैतन्य मूर्ति, चेतना विलास को अनुभव करने वाला है। ऐसे सर्व विभाव भावों, विभाव पर्यायों को त्याग कर मैं मेरे आत्मा का चिंतवन करता हूँ। मैं अपने चित्तको सर्व इन्द्रिय विषयों से हटाकर मेरे शुद्ध आत्मिक द्रव्य गुण पर्याय में लगाता हूँ जिससे मुझे शीघ्र ही मुक्तिरमा की प्राप्ति हों।

मैं निश्चयनय से सहज शुद्ध ज्ञानानन्द स्वभावी निर्विकल्प हूँ, उदासीन हूँ, निजानन्द, निरंजन, शुद्धात्मा सम्यक् दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप निश्चय रत्नत्रयमयी, निर्विकल्प समाधि से उत्पन्न वीतराग सहजानन्दरूप, आनन्दानुभूति मात्र स्व–संवेदन ज्ञान से गम्यहूँ, अन्य उपायों से गम्य नहीं हूँ, निर्विकल्प, निजानन्द, ज्ञान मात्र से ही मेरी प्राप्ति है, मैं ज्ञान दर्शन से परिपूर्ण हूँ। मैं तीन लोक, तीन काल में मन, वचन, काय, कृत, कारित अनुमोदना से उत्पन्न सुख, दुःख, हर्ष, विषाद, लाभ–अलाभ, मानापमान, भोगापभोग, निन्दा, प्रशंसा, ममता अहंता, पाप–पुण्य, श्वेत–श्याम, गरीब–अमीर, ऊँच–नीच, कुल जाति, स्पर्श्यास्पर्श आदि सर्व विभाव पर्यायों से भिन्न एक चिदानन्द आत्माराम हूँ। सर्व जीव मेरे समान हैं, इसलिये मैं किसको मित्र कहूं व किसे शत्रु कहूं ? मेरी आत्मा अजर–अमर हैं। शरीर नाशवान है। देखने में शरीर व आत्मा एक दिखती हैं जैसे दूध–पानी। मगर जैसे अंगूठी में सोना अलग है, हीरा अलग है, नारियल खोल अलग है गोला अलग हैं, इसी तरह आत्मा है, आत्मा चेतन है, शरीर अचेतन नाशवान है।

मैं राग, द्वेष, मोह, क्रोध, मान, माया, लोभ पाँचों इन्द्रियों के विषय व्यापार मन, वचन, काय द्रव्यकर्म, भाव कर्म नोकर्म ख्याति, लाभ, पूजा, देखे, सुने, अनुभव भोगों की वांछा रूपी निदान, माया, मिथ्यात्व तीनों शल्यों से और सर्व प्रकार के विकार विभाव और परभावों से भिन्न और निज भावों से अभिन्न एक परमानन्द, टंकोत्कीर्ण, निर्मोही, ज्ञायक स्वभावी आत्मा हूँ।

मैं पर्यायार्थिक नय से अवलोकन करता हूँ तो मेरा आत्मा सर्व पर्यायों से संयुक्त है। ये सर्व विभाव भाव मेरे पर्यायार्थिक नय से प्रतिभास होते हैं, परन्तु औदयिक भाव हैं और मैं परम शुद्ध पारिणामिक भाव का स्वामी हूँ। मेरा इनसे ज्ञेय ज्ञायक सम्बन्ध है परन्तु कर्त्ता कर्म सम्बन्ध कदापि न था, न है और न हो सकता

है, क्योंकि जन्म, जरा, मृत्यु, विषय, कषाय, बध, उदय, सत्ता, संस्थान, संहनन आदि कर्म के विपाक हैं। मैं इनका जानने वाला हूँ निश्चयनय से मैं एक शुद्ध, बुद्ध, निरंजन, निराकार, ज्ञाता द्रष्टा, अविनाशी, असहाय, अतीन्द्रिय, विमल, अमल, ज्ञायक मात्र, वीतराग स्वरूपी ज्ञानानन्द–निराकुल–सुखानन्द का स्वामी परम तत्वरूप हूँ। मैं मेरे श्रुतज्ञान की भावना के अवलम्बन से सामान्य, विशेषात्मक, भेदाभेदरूप अपने ज्ञानस्वरूपी आत्मा का निरीक्षण करता हूँ। जिससे चैतन्य ज्योति प्रकाशमान होती है, जो हजारों सूर्य की किराणों से भी अनन्तगुणी उज्जवल है व हजारों चन्द्रमा से अनन्तगुणी निर्मल है। मैं ज्यों–ज्यों आर्ष वचनों का अभ्यास करता हूँ व परमागम का चिन्तन करता हूँ। त्यों–त्यों मेरे में तीनों लोकों के स्वरूप को प्रकाशित करने में सूर्य के समान भेद–विज्ञानरूप कला जागृत होती है और जैसे–जैसे भेद–विज्ञान बढ़ता जाता है वैसे–वैसे ही राग निवृत्ती रूप स्वरूप स्थिरता बढ़ती जाती है और ज्ञान निश्चल निष्कम्प सुमेरु पर्वत के समान अचल अडोल हो जाता है अत: मैं आर्ष वचनों का अभ्यास पूर्वक श्रद्धान करता हूँ।

मैं चेतन, असंख्यात प्रदेशी मूर्तिक से रहित, ज्ञान, दर्शन लक्षण वाला, सिद्धरूप, कर्ममल रहित, शुद्धात्मा हूँ। मैं अन्य पदार्थ नहीं हूं और अन्य पदार्थ मेरे रूप नहीं हैं। मैं अन्य का नहीं हूँ और न अन्य ही मेरे हैं अन्य–अन्य है, मैं मैं हूँ। अन्य, अन्य का है, मैं, मेरा हूं, शरीर जुदा है, मैं जुदा हूँ। मैं चेतन हूँ, अन्य, अन्य का है, मैं, मेरा हूं, शरीर जुदा है, मैं जुदा हूँ। मैं चेतन हूँ, शरीर अचेतन है, शरीर अनेक परमाणुओं का पिंड है, मैं एक हूं, शरीर नष्वर है मैं अविनाशी हूं, संसार के अचेतन पदार्थ मेरे रूप नहीं होते और मैं अचेतन नहीं होता मैं ज्ञानात्मा हूँ, मेरा कोई नहीं है, मैं अन्य किसी का नहीं हूँ। जो यहाँ शरीर के साथ मेरा स्व–स्वामी सम्बन्ध हो रहा है, व एकत्व का भ्रम हो रहा है, वह सब पर (कर्म) के निमित्त से हो रहा हे, स्वरूप से नहीं। जीवादि द्रव्य के (यथार्थ) के स्वरूप को जानने वाला मैं अपने द्वारा अपने में अपने को जैसा कि मैं हूँ देखता हुआ पदार्थों के विषय में उदासीन हूँ, राग द्वेष रहित होता हुआ मध्यस्थ हूँ। मैं सत्द्रव्य, चित् ज्ञाता द्रष्टा व हमेशा उदासीन स्वरूप हूँ और प्राप्त हुए अपने शरीर के प्रमाण हूँ।

व उससे (शरीर से) पृथक् हुआ आकाश की तरह अमूर्त हूँ। मैं सदा ही स्वरूपादि चतुष्टय (स्वद्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव) की अपेक्षा सत्रूप हूं और पर रूपादि की अपेक्षा असत् रूप हूँ। जो कुछ नहीं जानते हैं, न जिसने कुछ जाना है और न भविष्य में कभी जानते, इस प्रकार त्रैकालिक अज्ञानता को लिये हुये जो शरीर आदिक हैं, वैसा मैं नहीं हूँ। जिसने पहले जाना था, जो आगे (भविष्य में) जानेगा तथा वर्तमान में जो चिंतवन करने योग्य है, ऐसा मैं चिद् द्रव्य हूँ। यह जगत स्वयं न तो अच्छा (इष्ट) है और न बुरा (अनिष्ट) है किन्तु उपेक्षणीय है तथा मैं भी न तो राग करने वाला हूँ, न द्वेष करने वाला हूँ किन्तु उदासीन रूप हूँ। शरीर आदिक मुझसे भिन्न है, मैं तो वस्तुत: उनसे भिन्न हूँ, मैं इनका कोई नहीं हूँ और न ये ही मेरे कोई हैं। इस प्रकार भलीभाँति अपनी आत्मा को अन्य पदार्थों से भिन्न समझ, मैं तन्मयी भावों (आत्मीय भावों) को करता हुआ कुछ भी चिंतवन नहीं करता हूँ। आत्मा स्व और पर की ज्ञप्ति (जानना क्रिया) रूप है, अत: उसका अन्य और कारण नहीं हैं। इसलिए चिंता को हटाकर स्व संवित्ति (लीनता) के द्वारा ही अनुभव करना चाहिए। दर्शन, ज्ञान व समता रूप होने से जानने वाला, देखने वाला एवं उदासीन रहने वाला जो चित् सामान्य विशेष स्वरूप आत्मा हैं, उसे अपनी आत्मा के द्वारा ही अनुभव करना चाहिए। 'आत्मा कर्मजन्य (कर्म से पैदा होने वाला) समस्त भावों से भिन्न हैं ज्ञान स्वभावी हैं और उदासीन है।' ऐसा हमेशा स्वयं चिंतवन करे। मिथ्या आग्रह व मिथ्या ज्ञान से रहित जो आत्मा का स्वरूप है जिसे माध्यस्थ भाव भी कहते हैं उसको अपने में स्वयं ही अनुभव नहीं हैंह्नह्न जैसे तिल में तेल है, पत्थर व लकड़ी में आग, गन्ने में रस है, मेंहदी की हरी पत्ती में लाल रंग है वह दिखता नहीं है, इसी तरह से आत्मा ज्ञान नहीं होने से दिखती नहीं है। वह रुपादि रहित होने से इन्द्रिय ज्ञान द्वारा जाना नहीं जा सकता, वितर्क भी उसे नहीं जान सकते क्योंकि वे (वितर्क) अस्पष्ट तर्कणारूप होते हैं। दोनों (इन्द्रियज्ञान व वितर्क) की प्रवृत्ति रुक जाने पर, बिल्कुल स्पष्ट अतीन्द्रिय और अपने द्वारा जानने योग्य वह (माध्यस्थ स्वरूप) स्व संवित्ति के द्वारा ही देखना चाहिए। शरीर का प्रतिभास (भान) न होने पर भी जो स्वतंत्र रूप से मालूम होती है ऐसी वह ज्ञान रूप चेतना स्वयं दिखाई पड़ती है। समाधि में

स्थित पुरुष को यदि स्वरूप आत्मा का अनुभव नहीं होता तो वह उसका ध्यान ही नहीं है अपितु वह मूर्च्छावान् है और उसकी वह मोह रूप दशा है। इसलिए उस आत्मा के स्वरूप का अनुभव करने वाला मुमुक्षु उत्कृष्ट एकाग्रता को पाता है व स्वाधीन वचनों के अगोचर आनन्द को प्राप्त करता है। ऐसे अपने आत्मा का अवलोकन करना चाहिए। जैसे धूल धोया (मिट्टी को पानी में से धोकर उसमें से सोना निकालने वाला) कीचड़ (मिट्टी) में साधनों द्वारा सोना प्राप्त कर आनन्दित होता है वैसे ही ज्ञानी आत्मा कर्म रूपी कीचड़ में से चैतन्य रूपी सोने को तपश्चरणादि साधनों द्वारा उठाकर (प्राप्त कर) बड़ा आनन्दित होता है ऐसी आत्मिक आनन्द की प्राप्ति के साधनों में आत्म चिंतवन एक मुख्य साधन है, उसके बिना अन्य साधन कार्यकारी नहीं है।

श्री पाक्षिक श्रावक प्रतिक्रमण

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ।।
चत्तारि मंगलं-अरिहंता मंगलं सिद्धा मंगलं।
साहू मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ।।
चत्तारिलोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा।
साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमों ।।
चत्तारिसरणं पव्वज्जामि, अरिहंते सरणं पव्वज्जामि।
सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहूसरणं पव्वज्जामि।
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ।।

अढ़ाई द्वीप, दो समुद्र सम्बन्धी पन्द्रह कर्मभूमि क्षेत्र में रहने वाले तीर्थंकरों को, जिनेश्वरों को, केवलियों को, (अंतकृत्केवली को, उपसर्ग केवली को, सामान्य केवली को, मूक केवली को, सातिशय केवली को अनुबद्ध केवली को और संतत केवली को), गणधरों को चौसठ ऋद्धि धारी मुनीश्वरों को, धर्माचार्यों को, धर्म के नायकों को द्वादशांग रूप अमृत का पान कराने वाले ऋषीश्वरों को, ऐसे अढ़ाई

द्वीप के सब मिलाकर तीन कम नो करोड़ ऋषीश्वरों को एवं चतुर्विध (मुनि, आर्यिका, श्रावक-श्राविका) संघ को मैं भाव-भक्ति से नमस्कार करता हूँ।

धर्म ही प्रधान है जो चारों गतियों का अन्त करने के लिए उत्तम है, संसार भय को नाश करने वाले तीर्थङ्कर केवली, सिद्ध, आचार्य उपाध्याय और सर्व साधु ये पंच-परमेष्ठी हैं। ये सत्य मार्ग का प्रत्यक्ष अनुभव कराते हैं, इसलिए इनकी साक्षी पूर्वक मैं सम्यक दर्शन ज्ञान चारित्र को धारण करता हूँ, दूसरे को इस सत्य मार्ग पर चलने का उपदेश करूँगा, मुझसे इस मार्ग पर चलते हुए कोई अतिचार, दोष लगे हों, तो उनकी शुद्धि के लिये आत्मा से नम्रता पूर्वक मन, वचन, काय की विशुद्ध भावना से नमस्कार करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप्य करना)

* जिन चतुर्विंशतिस्तवन *

(मैं) ॐकार को नमस्कार करता हूँ। परमात्मा को, अनेकान्त को, और सन्तों को नमस्कार करता हूँ। मैं उन तीर्थंकरों को, जिनवरों को, केवलियों को, अनन्त जिनों को तथा नरलोक में श्रेष्ठ लोगों से पूज्य हैं और रजोमल से रहित हैं ऐसे मुनीश्वरों को नमस्कार करता हूँ।

लोक में ऊद्योत करने वाले धर्म प्रधान जो तीर्थरूप हैं ऐसे जिनेन्द्र भगवान की वन्दना करता हूँ और कर्मरूपी शत्रुओं का हनन करने वाले अरिहंत केवलज्ञानी चौबीस तीर्थंकरों का भी मैं स्तवन करता हूँ।

श्री ऋषभदेव (आदिनाथ), अजितनाथ, संभवनाथ, अभिनन्दननाथ, सुमतिनाथ, पद्मप्रभु, सुपार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभु, सुविधिनाथ (पुष्पदन्त), शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्य, विमलनाथ, अनन्तनाथ, धर्मनाथ, शांतिनाथ, कुन्थुनाथ, अरहनाथ, मल्लिनाथ, मुनिसुव्रत, नमिनाथ, अरिष्टनेमि (नेमिनाथ) पार्श्वनाथ और वर्द्धमान (महावीर स्वामी) को मैं नमस्कार करता हूँ। इस प्रकार कर्मरज और जनम मरण से रहित ऐसे चौबीस तीर्थङ्कर केवली भगवान मेरा कल्याण करो, कल्याण करो, कल्याण करो।

नोट :- जम्बू द्वीप, धातकी खण्ड आधा पुष्वर से अढ़ाई द्वीप और लवण समुद्र, कालोदधि समुद्र दो समुद्र मध्य सम्बंधी पाँच विदेहक्षेत्र में एक समय में अधिक से अधिक 170 तीर्थंकर होते हैं।

जिनकी महिमा कीर्तिरुप से गायी गई है ऐसे लोक में उत्तम सिद्ध भगवन्त मुझे आरोग्य, ज्ञान, समाधि और बोधि लाभ दे।

चन्द्र जैसे निर्मल और सागर जैसे गंभीर ऐसे सबका हित करने वाले सिद्ध भगवान मुझे सिद्धी प्रदान करें।

तीन लोक में जितने जिन-चैत्यालय हैं उनमें विराजमान जिन-चैत्यों को सदैव आवर्त करके भक्तिभाव से मैं नमस्कार करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

महावीर स्तवन

श्रीमते वर्द्धमानाय नमों नमितविद्विषे ।
यद् ज्ञानान्तर्गतं भूत्वा त्रैलोक्यं गोष्पदायते ।।

मोहादि भयंकर शत्रुओं का नाश करने वाले और लोक को जानने वाले ऐसे श्री वर्द्धमान स्वामी को मैं नमस्कार करता हूँ।

नमः श्री वर्द्धमानाय निर्धूतकलिलात्मने ।
सालोकानां त्रिलौकानां यद्विद्या दर्पणायते ।।

जिनकी केवलज्ञान विद्या आलोक सहित तीनों लोकों को दर्पण के सदृश प्रतिभाषित करती है और जिनकी आत्मा कर्ममल रहित है ऐसे श्री वर्द्धमान स्वामी को मैं नमस्कार करता हूँ।

* पंचगुरु भक्ति *

अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायेभ्यत्तथा च साधुभ्यः ।
सर्वजगद्वंद्येभ्यो नमोऽस्तु सर्वत्र सर्वेभ्यः ।।

सकल संसार के वन्दन करने योगय ऐसे अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधु को मैं सदा नमस्कार करता हूँ।

हे भगवन्त ! पंचगुरु भक्ति कायोत्सर्ग करने की आलोचना पूर्वक मैं इच्छा करता हूं। अनन्त-चतुष्टय से युक्त, अष्ट महा प्रातिहार्यों से युक्त अरिहंत

भगवंत को, अष्टगुणों से परिपूर्ण और ऊर्ध्वलोक में स्थित सिद्धों को, अष्ट प्रवचन मार्ग से युक्त आचार्यों को आचारादिक के शुद्ध ज्ञान का उपदेश देने वाले उपाध्यायों को और सम्यक् दर्शन ज्ञान, चारित्र रूप तीन रत्न के गुणों को पालने में तत्पर ऐसे सर्वसाधुओं को मैं भाव भक्ति से नमस्कार करता हूँ। जिस कारण से मुझे दुःख-क्षय, कर्म-क्षय, बोधिलाभ, अच्छी गति में गमन, समाधिमरण और जिन गुणों की प्राप्ति हो।

(णमोकार मन्त्र का जाप्य नौ बार करना)

* सिद्ध भक्ति *

मैं सिद्ध भक्ति धारण करने के लिये दिवस संबंधी कृत कर्मों की आलोचना करता हूँ। सम्यक्दर्शन, सम्यक्ज्ञान सम्यक्चारित्र आठ कर्म रहित, आठ गुण सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, वीर्य, अव्याबाध (सुख), अमूर्तिकत्व (सूक्ष्मत्व), अगुरुलघुत्व और अवगाहनत्व सहित लोक के अन्त भाग में स्वभाव अर्थ पर्याय और स्वभाव व्यंजनपर्याय से विराजमान, उत्तम अनंत गुणों से युक्त सिद्ध अवस्था को प्राप्त हुए, ऐसे भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल सम्बंधी समस्त सिद्धों को मैं भाव भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ। सिद्ध-भक्ति से मेरे दुःखों का नाश, सम्यक्दर्शन ज्ञान चारित्र की प्राप्ति, सुगति का गमन, समाधिमरण आधैर जिन गुणों की प्राप्ति हो। इस भावना की सिद्धि के लिये मैं सिद्ध भक्ति करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* अरिहन्त भक्ति *

हे भगवान ! मैं चौबीस तीर्थङ्करों की भक्ति करने के लिये दिवस सम्बन्धी (रात्रि सम्बन्धी) कृत कर्मों की आलोचना करता हूँ। आप पंच महाकल्याणकों से सुशोभित, अष्ट महाप्रातिहार्य सहित, चौंतीस अतिशय युक्त अनन्तचतुष्टय और रत्नत्रय के धारक व केवल ज्ञानरूपी अभ्यन्तर लक्ष्मी एवं समवशरणादि बहिरङ्ग लक्ष्मी के स्वामी हो। हे प्रभो ! आपके चरणों में बारम्बार नमस्कार करता हूँ।

शतइन्द्र, बलदेव, वासुदेव, चक्रवर्ती, छत्रधारी राजाओं एवं ऋषिगण, मुनिगण, यतिगण और अनगारों से सेवित सैकड़ों और हजारों स्तुतियों से स्तुत्य ऐसे

वृषभादि वीर पर्यंत सर्व मंगलकारक महापुरुषों को मैं भाव भक्ति पूर्वक त्रिकाल वन्दना और नमस्कार करता हूँ। जिससे मेरे दु:खों का क्षय, बोधिलाभ, शुभगति में गमन, समाधिमरण और जिन गुणों की प्राप्ति हो।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* आचार्य भक्ति *

जो द्वादशांग सूत्र रूपी समुद्र के पारगामी व ज्ञान ध्यान और तप में लवलीन, बाह्याभ्यन्तर परिग्रह रहित व जितेन्द्रिय शुद्ध चारित्र व छत्तीस गुणों से युक्त, पन्चाचार को स्वयं पालने वाले व शिष्यों को आचरण कराने वाले स्वसमय और परसमय में पारंगत मेरु के समान निश्चल पृथ्वी के समान सहनशील, समुद्र के समान गंभीर निर्मल बुद्धि वाले, निर्दोष षट् आवश्यकों को पालने वाले, सिंह के समान निर्भय सौम्यमूर्ति, आकाश के समान निर्लेप, देश, कुल और जाति से शुद्ध, संघ और दीक्षा, शिक्षा व प्रायश्चित देने में कुशल हैं ऐसे आचार्यों को मैं भक्ति-भावपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* उपाध्याय भक्ति *

पच्चीस गुणयुक्त, मोक्ष मार्ग में स्थित और मोक्ष के इच्छुक मुनीश्वरों को उपदेश देने में प्रवीण, व्रतों की रक्षा करने में तत्पर ऐसे उपाध्याय परमेष्ठी का मैं भक्तिभाव पूर्वक नमस्कार करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* साधु भक्ति *

जो व्रत तप व ध्यानरूपी अग्नि से कर्मों को नाश करने में प्रवीण, षट् आवश्यक कर्मों में सावधान, अनन्तज्ञानादि रूप शुद्ध आत्मा के स्वरूप की साधना करने वाले मन को जीतने वाले, शीलरूपी कवच को धारण करने वाले, गुण रूपी शस्त्र सहित, सिंह के समान पराक्रमी, गज के समान स्वाभिमानी, मृग के समान सरल और निरीह गोचरी करने वाले, पवन के समान निःसंग, सूर्य के समान

तेजस्वी, चन्द्र के समान निर्मल, सागर के समान गंभीर, सुमेरु के समान अकम्प, अडोल, आकाश के समान निरालम्बी, निर्लेप, परीषह और उपसर्ग को सहन करने वाले, अट्ठाईस, मूल गुणों का निरतीचार पालन करने वाले, मोक्ष के साधक भावलिंगी व तपोनिधि मुनीश्वरों का मैं भाव भक्ति पूर्वक नमस्कार करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* चैत्य भक्ति *

मैं चैत्य-भक्ति एवम् कायोत्सर्ग करने की इच्छा पूर्वक आलोचना करता हूँ। अधोलोक में (सात करोड़ बहत्तर लाख अकृत्रिम जिन मन्दिर) तिर्सक् (मध्य) लोक में (चार सौ अठावन) और ऊर्ध्वलोक में (चौरासी लाख सत्तानवे हजार तेईस) अकृत्रिम जिन चैत्यालयों में नौ अरब पच्चीस करोड़ तिरेपन लाख सत्ताईस हजार नौ सौ अड़तालीस अकृत्रिम जिन प्रतिमाओं को एवम् व्यंतर, ज्यातिष देवों के भवनों में स्थित असंख्यात चैत्यालय तथा असंख्यात जिन प्रतिमाओं को मैं भक्ति भाव से नमस्कार करता हूँ। जिससे हमारे दु:ख का क्षय, कर्म का क्षय, बोधिलाभ, शुभगति में गमन, समाधिमरण और जिन गुणों की प्राप्ति हो।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* निर्वाण भक्ति *

अष्टापद (कैलाश), सम्मेदाचल, गिरनार, चम्पापुर, पावापुर आदि तीर्थों से एवं विदेह क्षेत्र तथा समस्त कर्म भूमि से जितने जीव कर्म मल रहित सिद्ध बुद्ध एवं निर्मल हो गये हैं उन सर्व सिद्धों को क्षेत्रों व तीर्थक्षेत्रों को भाव भक्ति से मैं नमस्कार करता हूँ।

।। श्रुत-भक्ति - (जिनवाणी भक्ति) ।।

अथेष्ट प्रार्थना :ह्रह्र

प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नम:।

अब इष्ट प्रार्थना के लिये मैं प्रथमानुयोग को, करणानुयोग को चरणानुयोग तथा द्रव्यानुयोग को नमस्कार करता हूँ।

एक सौ बारह करोड़, तिरासी लाख, अट्ठावन हजार पाँच पद युक्त द्वादशांगवाणी को एवं चौदह-प्रकीर्णक के आठ करोड़, एक लाख, आठ हजार, एक सौ पिचहत्तर अक्षरों को मैं नमस्कार करता हूँ।

भावश्रुत और अर्थ पदों के कर्त्ता श्री तीर्थंकर देव द्वारा भाषित एवं तीर्थंकर देव के निमित्त से अनन्तर भावश्रुत रूप पर्याय से परिणित श्री इन्द्रभूति गौतम गणधर ने बारह अंग और चौदह पूर्व रूप ग्रन्थों की एक ही मुहूर्त में क्रमशः द्रव्यश्रुत की रचना की है उनको मैं भक्ति भावपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

।। पाक्षिक श्रावक किसको कहते हैं ।।

धर्म का पक्ष रखने वाले सच्चे देव, शास्त्र, निर्ग्रन्थ गुरु की शरण प्राप्त कर अन्य कुदेवादिक की श्रद्धान को छोड़कर अष्टमूलगुण धारण करता है वही पाक्षिक श्रावक पद को पाता है। वह जीव प्रथम श्री जिनेन्द्रदेव के द्वारा प्रतिपादित सात तत्वों का यथार्थ श्रद्धान हेयोपादेय पूर्वक करता है क्योंकि यह धर्म का मूल सिद्धान्त है, बिना इसके धर्म पथ का अनुयायी नहीं हो सकता।

।। सात तत्वों का संक्षेप में विचार ।।

मैं एक अखंड निराकुल अविनाशी चेतन द्रव्य हूँ, राग द्वेष रूपी विभाव परिणाम अचेतन हैं। हिंसादि वा अहिंसादि-विकल्प जो मेरी अवस्था में उठते है वे सब पाप पुण्य रूप आस्रव हैं। वे दोनों धारायें आत्मीय स्वभाव से भिन्न अशुचिरुप होने से हेय हैं, क्योंकि वे संसार रूप हैं, उनका मैं कर्त्ता हर्त्ता और भोक्ता कदापि नहीं हूँ। रागादि से मलिन जो मेरा परिणाम है वह बन्धतत्त्व है और रागादि से भिन्न करने का शस्त्र (भेदज्ञान) संवर निर्जरा तत्त्व है इसलिये वे तत्व मुझे उपादेय हैं। रागादि से भिन्न एक मात्र शुद्ध विज्ञान धन चेतना में (शुद्धोपयोग में) रमण करना मोक्ष तत्व है जो कि मेरा स्वरूप है। ऐसे सात तत्वों को हेयोपादेयरूप सम्यक् प्रकार से समझ कर आत्मा का श्रद्धान करना, उनको जानना और रागादि को छोड़कर वीतराग भाव में आगे बढ़ना रत्नत्रय रूप मोक्ष-मार्ग है और रत्नत्रय की पूर्णता ही मोक्ष है।।

* षट् आवश्यक *

मैं पाक्षिक श्रावक के षट् आवश्यक, 1. देव पूजा, 2. गुरु उपासना, 3. स्वाध्याय, 4. संयम पालन, 5. तप (यथा शक्ति) धारण और 6. सुपात्र को दान ये षट् कर्म को नियमित रूप से करता हूँ।

इन कर्त्तव्यों के साथ धार्मिक नीति और व्यवहार नीति का पालन करता हूँ। सबसे प्रथम मैं पच्चीस दोष (आठ मद, आठ शंकादि दोष, छह अनायतन और तीन मूढ़ता) रहित शुद्ध सम्यक्दर्शन (निर्दोष) को धारण करता हूँ।

हे भगवन् ! मैंने मूलगुणों के तीसरे भेद मधुत्याग में हरे (गीले) पुष्प ऐसे फूल जिनमें बहुत से त्रस जीव आते-जाते फिरते, दौड़ते रहते हैं तथा फूल मात्र साधारण वनस्पति है। प्रत्येक फूल में अनन्तानत बादर निगोदिया जीव होते हैं देखो गोमटसार, रत्नकरण्ड (सूत्र 119) सेवन किये हों और करने की अनुमति दी हो तो इस सम्बन्धी जो अतिचार अनाचार आज दिन पर्यन्त लगे हों उनका मैं प्रतिक्रमण करता हूँ।

हे भगवन् ! मैंने मूलगुणों के छठे भेद जलगालन नामक गुण के पालन करने में जल छानने के बाद दो मुहूर्त व्यतीत हो जाने पर भी उस पानी का उपयोग किया हो और उसकी जिवाणी को जहां से पानी लाया गया वहां नहीं पहुंचाया हो (या द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, की योग्यतानुसार न देखा हो) पुराने मलिन, महीन और सछिद्र वस्त्र से प्रमाद, अज्ञान, लोभवश जल छाना हो तो इस सम्बंधी कृतकारित, अनुमोदना से आज दिन पर्यन्त कोई दोष लगे हों उनका मैं प्रतिक्रमण करता हूँ।

हे भगवन् ! मैंने मूलगुणों के सातवें भेद जिन दर्शनों के पालन करने में प्रमाद किया हो, अविनय किया हो या मन, वचन काय की अशुद्धि से सरागी देवों की आराधना संसार, शरीर, भोग रूप कार्य से किया हो तो इस सम्बंधी जो अतिचार अनाचार आज दिन पर्यन्त लगे हों, मैं उनका प्रतिक्रमण करता हूँ।

हे भगवन् ! मैंने मूलगुणों के आठवें भेद जीवदया के पालन करने में प्रमाद और अज्ञान किया हो, बिना प्रयोजन ही जीवों को सताया हो, दुःख दिया हो, अंगोपांग छेदा हो इत्यादि जो अतिचार इस सम्बन्धी आज दिन पर्यन्त लगे हों उनका मैं प्रतिक्रमण करता हूँ।

* निर्ग्रन्थ पद की भावना *

हे भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ पद की इच्छा करता हूँ, जब तक मेरा संसार से सम्बन्ध है तब तक भव-भव में त्रिजगत् पूज्य और मंगल लोकोत्तम शरणभूत निर्ग्रन्थ पद की भावना करता हूँ, धन्य है वह दिन और वह घड़ी कि जिस दिन मैं भी निर्ग्रन्थपद धारण करके ध्यान, ज्ञान और तप में लवलीन होऊँगा, जंगल में वास करूँगा और आत्मिक गुणों में रमणता करूँगा।

धन्य हो यह निर्ग्रन्थ पद ! बाह्य और अभ्यंतर समस्त परिग्रह रहित अनुपम केवलज्ञान का उत्पादक, रत्नत्रय का साधक, सर्व सावद्य रहित, परम उदासीनता का कारणभूत, परम विशुद्ध, माया मिथ्यात्व निदान शल्यरहित, सिद्धि का मार्ग, उपशम या क्षपक श्रेणी के चढ़ने का कारण, क्षमा का भूषण, मुक्ति का बहिरंग सहकारी कारण, संसार परिभ्रमण का नाशक, निर्वाण का निमित्त, सर्व दुःखों का नाश करने वाला और सर्वोत्कृष्ट मार्ग है ऐसे निर्ग्रन्थपद को मैं भाव भक्तिपूर्वक श्रद्धान करता हूँ, अनन्य भावना से प्रेम करता हूँ विश्वास करता हूँ। पवित्र भाव से धारण करना चाहता हूँ, इस निर्ग्रन्थ पद को तीर्थङ्कर, गणधरादि महापुरुषों ने धारण किया इसलिये इसके समान उत्कृष्ट और दूसरा पद न तो वर्तमान में है, न भूत में हुआ है और न भविष्य में होगा। सम्यक् दर्शन ज्ञान चारित्र एवं आगम द्वारा इस निर्ग्रन्थ पद का आश्रय लेकर ही जीव आत्मसिद्धि रूप निर्वाण की प्राप्ति कर सकता है। अर्थात् तीन लोक के सर्व पदार्थों का ज्ञाता स्वभावी परमात्मा हो जाता है।

मैं इस निर्ग्रन्थ पद को धारण करने का इच्छुक हूँ, संयम धारण करने के लिये आराधना करता हूँ, विषय कषायों से उदासीन होता हूँ, विरक्त होता हूँ, मैं उपाधि रूप क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मोह, काम, भय, प्रपंच, असत्य, मात्सर्य, मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन, मिथ्याचारित्र, विषय भोग, समस्त व्यामोह, हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह रूप पिशाच का (प्रतिक्रमण के समय तक) त्याग करता हूँ और सम्यक्दर्शन सम्यक्ज्ञान और सम्यक्चारित्र को धारण करता हूँ। यदि मैंने साक्षात् मोक्ष के बहिरंग कारणभूत निर्ग्रन्थ पद की अविनय एवं जुगुप्सा मन, वचन, काय, कृतकारित, अनुमोदना से की हो तो वे सब भाव मेरे मिथ्या हों, मिथ्या हों, मिथ्या हों।

* वीर भक्ति *

हे भगवन् ! मैं वीर प्रभु की भक्ति करने का इच्छुक हूँ और इसके लिए मैं इस विनाशीक शरीर से ममत्व भाव को छोड़ने का अभ्यास करता हूँ जो मैंने दिन में (या रात्रि में) आवश्यक क्रियाओं को करने में आलस्य किया हो। व्रतों को भंग किया हो, शिथिलता धारण की हो, मन में ग्लानि उत्पन्न की हो, लज्जा से, शीघ्रता से, दुष्टता से, अज्ञान से, मान से, प्रमाद से, अविनय से, भय तथा आशा से, राग-द्वेष-मोह से कुत्सित परिणामों से, गुप्त रूप से, माया से, आचरण में अतिचार, अनाचार, आभोग, अनाभोग रूप, कायिक, वाचनिक और मानसिक दुराचरण स्वयं किया हो, कराया हो, बीभत्सता से भाषण किया हो, स्वप्नादि में दोष लगाया हो, अपने ज्ञान, दर्शन, चारित्र, सूत्र जिनागम एवं प्रतिमाओं की विराधना की हो तो वह सब मेरा पाप मिथ्या हो, मिथ्या हो, मिथ्या हो।

हे महावीर स्वामी ! मैं आपका चिंतवन करता हूँ क्योंकि आप राग, द्वेष, मोह, परिग्रह, शल्य (माया, मिथ्यात्व, निदान) और कषाय से रहित हो। आपने साम्यभाव धारणकर समस्त कर्मों का नाश किया है एवं शुद्धोपयोग रूप केवलज्ञान को धारणकर जन्ममरण से निर्भय हो गये हो। आपके तप ही प्रधान योग है। इसलिये आप शील के सागर, अप्रमेय, महान, मुनि महर्षि और ज्ञानी जनों से पूज्य, लोक शिरोमणि, सर्वज्ञ सर्वमलरहित सिद्ध हो, बुद्ध हो, शुद्ध हो, वीतराग हो, रत्नत्रय के स्वामी हो और अनन्त शुद्ध गुणों के पुंज हो। हे प्रभो ! आप मेरा मंगल करें, मंगल करें, मंगल करें।

जो प्रत्येक समय में सम्पूर्ण चेतन-अचेतन द्रव्य तथा उनकी त्रिकालवर्ती गुण पर्यायों को युगपत् जानने के कारण सर्वज्ञ कहे जाते हैं उन्हीं सर्वज्ञ, जिनेश्वर, श्री महावीर प्रभु के लिये मेरा नमस्कार हो।

हे वीर प्रभो ! आपकी समस्त इन्द्र पूजा करते हैं, विज्ञ गणधरादिक आपकी सेवा करते हैं और आपने समस्त कर्मों को नष्ट कर दिया है, इसलिये हे वीर प्रभु ! आपको मेरा नमस्कार हो, धर्मतीर्थ आपका इस कलिकाल में भी

हजारों वर्ष तक चलता रहेगा। आप घोर तप के धारण करने वाले परम योगीश्वर हो आप में श्री, धृति, कान्ति, कीर्ति आदि सर्व गुणों का वास है। अतएव आप कल्याण के मार्ग को प्रकाशित करने वाले हो। इसलिये मैं आपको नमस्कार करता हूँ।

* चैतन्य ज्ञान *

जो शुद्ध सत्ता स्वरूप वस्तु है जिसका स्वभाव चेतना स्वरूप है, निज अनुभव रूप क्रिया से प्रकाशमान है और जिन शक्ति से अन्य सब जीवाजीव चराचर पदार्थों को सर्व क्षेत्र काल भाव सम्बन्धी सर्व विशेषणों (सामान्य विशेषात्मक) सहित एक समय में युगपत् जानने वाला जो द्रव्यकर्म, भावकर्म नौकर्म रहित शुद्ध चिदानन्द आत्म द्रव्य मेरे देह में शक्तिरूप विराजमान है, उसको मैं भाव भक्ति पूर्वक नमस्कार करता हूँ।

जो मनुष्य संयम को धारण कर और ध्यान में लीन होकर वीर प्रभु को नमस्कार करता है वह समस्त शोक को दूर कर संसार से पार हो जाता है।

सामायिक चारित्र को सर्व तीर्थङ्करों ने स्वयं पालन किया है तथा पाँचों (सामायिक, छेदोपस्थना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसांपराय और यथाख्यात) चारित्रों को पालन करने का उन्होंने अपने सभी शिष्यों को उपदेश भी दिया है। मैं उस पंचम यथाख्यात चारित्र को भक्ति भाव पूर्वक नमस्कार करता हूँ।

त्याग, व्रत, संयम, नियम, यम, शील, समिति, गुप्ति, तप, भावना, परीषहजय और उपसर्ग-विजय तथा दश धर्म ये व्यवहार चारित्र के भेद हैं और वह चारित्र मोक्ष का साधन है। वह समस्त पाप और संसार का नाश करने वाला होने से मैं उसको श्रद्धान पूर्वक भाव भक्ति से नमस्कार करता हूँ।

* धर्म की महिमा *

धर्म समस्त मंगलों में प्रधान मंगल है। अहिंसा, संयम और तप धर्म के अङ्ग है। जो मनुष्य धर्म को पवित्र हृदय से धारण करता है उसको देवता भी नमस्कार करते हैं।

धर्म का मूल स्वदया है, धर्म को विद्वान, गणधरादि मुनीश्वर धारण करते हैं। धर्म से सर्व सुखों की प्राप्ति और कल्याण होता है। धर्म धारण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। धर्म ही जगत का बन्धु है। इसलिये मैं अपने चित्त (चैतन्यभाव) में धर्म को धारण करता हूँ। हे धर्म ! तुझे मैं भक्ति भाव से नमस्कार करता हूँ।

समस्त ज्ञेय पदार्थों के ज्ञाता, 1008 (एक हजार आठ) शुभ लक्षणों से सुशोभित, संसार के बन्धन को नाश करने वाले, करोड़ों सूर्य और चन्द्र से भी अधिक तेजस्वी, मुनीश्वर, नरेन्द्र और देवेन्द्र से पूज्य ऐसे ऋषभादि चौबीस तीर्थङ्करों को मैं भक्ति भाव पूर्वक नमस्कार करता हूँ।

* समुदाय भक्ति *

केवली, अरिहंत, तीर्थंकर, अवधिज्ञानी, मनःपर्यय-ज्ञानी, श्रुतकेवली, शास्त्रज्ञानी, पवित्रतप के धारक यतीश्वर ऋद्धिधारी गुणवान-महर्षि, सिद्धांतज्ञानी, गुप्ति-धारक समितिपालक, गणधरादि महामुनीश्वरों, सम्यक् दृष्टि, संयमी विनय करने योग्य ब्रह्मचारी ! आप मेरा कल्याण करो ! कल्याण करो ! कल्याण करो ! चारों प्रकार का संघ मेरा मंगल करो, शांति करो, पवित्र करो, मैं विशुद्धि भाव से मेरे कर्मों का नाश करने के लिये नमस्कार करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

* ईष्ट प्रार्थना *

हे परमेष्ठिन् ! मुझे सदा जैनागम का अभ्यास, जिनेन्द्रदेव की स्तुति और सज्जनों की संगति प्राप्त हो।

मैं सदा समीचीन चारित्र के धारण करने वाले महापुरुषों के गुण समूह का कीर्तन करता हूँ, पर के दोषों के प्रकट करने में मुझे सदा मौनव्रत का ही आलम्बन हो, मेरे वचन सब प्राणियों को प्रिय और हितकारक हो तथा भावना आत्मतत्व विषयक ही हो। हे जगत उद्धारक प्रभो ! जब तक मुझे मोक्ष की प्राप्ति न हो तब तक उपरोक्त सामग्री प्राप्त हो। यह मेरी इष्ट प्रार्थना है।

हे जिनेन्द्र देव ! जब तक मुझे निर्वाण (मोक्ष) पद की प्राप्ति न हो तब तक आपके चरण कमल मेरे हृदय में और मेरा हृदय आपके चरणों में लीन रहे।

हे जिनेन्द्र देव ! मैंने अल्पज्ञता के कारण अक्षर, पद, अर्थ और मात्राओं से हीन जो कुछ भी अशुद्ध उच्चारण किया हो उसे क्षमा करें और मेरे दु:खों का नाश करें।

हे जिनेन्द्र देव ! मेरे दु:खों का नाश हो, कर्मों का नाश हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति गमन हो, सम्यक्दर्शन की प्राप्ति हो, समाधिमरण हो और जिनराज के गुणों की प्राप्ति हो ऐसी मेरी प्रार्थना है।

* समापन कायोत्सर्ग *

हे भगवन् ! अन्त में मैं प्रतिक्रमण में लगे हुए दोषों की आलोचना करता हूँ। प्रतिक्रमण करने में मुझसे देश, आसन, स्थान, काल, मुद्रा, कायोत्सर्ग श्वासोच्छवास और नमस्कारादि तथा छह आवश्यकों से सम्बन्ध रखने वाले मानसिक, वाचनिक, कायिक एवं कृतकारित, अनुमोदित दोष हुए हों वे सब निरर्थक हो।

आज के प्रतिक्रमण करने में श्वासोच्छवास से, नेत्रों की टंकार से, खांसने से, छींकने से, जम्हाई लेने से सूक्ष्म और स्थूल अङ्गों के हिलाने से और दृष्टि दोष आदि समस्त क्रियाओं से सूत्र पाठ आदि क्रियाओं को विस्मरण किया हो, अविनय की हो, प्रमाद अज्ञान से अन्यथा प्ररूपणा की हो तो मैं इस प्रतिक्रमण के समय वीर भगवान की भक्तिरूप कायोत्सर्ग धारण करता हूँ।

हे भगवन् ! मैं ईर्यापथ में लगे हुए दोषों को आलोचना करता हूँ। पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम इन चार दिशाओं में और विदिशाओं में विहार करते हुए युगान्तर से प्रमादजन्य पद पर प्राणी रूप जीवों की सत्ता के विषय में जो उपघात दोष मैंने किया हो, अनुमोदना की हो, वे सब मेरे दुष्कृत मिथ्या हों।

हे भगवन् ! मेरी ली हुई प्रतिक्रमण प्रतिज्ञा के प्रतिकूल कोई दोष, जान से, अनजान से, प्रमादजन्य मन, वचन, काय कृत, कारित, अनुमोदना से हो गया हो एवं मेरा उपयोग आत्म ध्यान से छूटकर सांसारिक संकल्प विकल्प रूप उलझनों

में चला गया हो और उससे प्रतिक्रमण में दूषण आया हो तो इनकी निवृत्ति के लिये मैं नौ बार णमोकार मन्त्र का कायोत्सर्ग करके प्रतिक्रमण पूर्ण करता हूँ।

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करना)

सामायिक के अंत की क्षमापना

सम्पूर्ण विधि कर वीनऊं, इस परम सामायिक पाठ में।
अज्ञानवश शास्त्रोक्त विधि तैं, चूक कीनी पाठ में।।
सो होहु पूर्ण समस्त विधिवत, तुम चरण की शरण में।
वन्दों तुम्हें करजोरि के, उद्धार जामनमरण तैं।।1।।

आह्वानन स्थापन तथा सन्निधिकरण विधान जी।
सामायिक आराधना यथाविधि जानों नहीं गुणखान जी।।
जो दोष लागे सो नशो सब, तुम चरण की शरण में।
वन्दों तुम्हें करजोरि कर, उद्धार जामनमरण तैं।।2।।

तुम रहित आवागमन आह्वानन कियो निजभाव में।
विधियथाक्रम निजशक्तिसम, सामायिक कियो अतिचाव में।।
करहूँ विसर्जन भाव ही में, तुम चरण की शरण तें।
वन्दौं तुम्हें करजोरि के, उद्धार जामन मरण तैं।।3।।

।। दोहा ।।

तीन भुवन तिहुंकाल में, तुमसा देव न और।
सुखकारक संकटहरण, नमहुँ युगल कर जोर।।

ॐ शांति ! शांति !! शांति !!!

।। इति पाक्षिक श्रावक प्रतिक्रमण समाप्तम्।।

सामायिक पाठ (भाषा)

1. प्रतिक्रमण कर्म

काल अनंत भ्रम्यो जग में सहिये दुख भारी।
जन्म मरण नित किये पाप को है अधिकारी।।
कोटि भवांतर माहिं मिलन दुर्लभ सामायिक।
धन्य आज मैं भयो योग मिलियो सुखदायक।।1।।
हे सर्वज्ञ जिनेश ! किये जे पाप जु मैं अब।
ते सब मन-वच-काय-योग की गुप्ति बिना लभ।।
आप समीप हजूर माहिं मैं खड़ो खड़ो सब।
दोष कहूँ सो सुनो करो नठ दुःख देहिं जब।।2।।
क्रोध मान मद लोभ मोह मायावशि प्रानी।
दुःख सहित जे किये दया तिनकी नहिं आनी।।
बिना प्रयोजन एकेंद्रिय वि ति चउ पंचेंद्रिय।
आप प्रसादहि मिटै दोष जो लग्यो मोहि जिय।।3।।
आपस में इक ठौर थापकरि जे दुख दीने।
पेलि दिये पग तलैं दाबि करि प्रान हरीने।।
आप जगत के जीव जिते तिन सब के नायक।
अरज कयँ मैं सुनो दोष मेटो दुखदायक।।4।।
अंजन आदिक चोर महा घनघोर पापमय।
तिनके जे अपराध भये ते क्षमा क्षमा किय।।
मेरे जे अब दोष भये ते क्षमहु दयानिधि।
यह पडिकोणो कियो आदि षट्कर्म माहिं विधि।।5।।

(नो बार णमोकार मंत्र बोलकर कायोत्सर्ग धारण करें।)

2. द्वितीय प्रत्याख्यान कर्म

जो प्रमादवशि होय विराधे जीव घनेरे।
तिन को जो अपराध भयो मेरे अघ ढेरे।।
सो सब झूठो होउ जगत पति के परसादै।
जा प्रसादतै मिलै सर्व सुख दुःख न लाधै।।6।।

मैं पापी निर्लज्ज दया करि हीन महाशठ।
किये पाप अघ ढेर पाप मति होय चित्त दुठ।।
निंदूँ हूँ मैं बार बार निज जिय को गरहूँ।
सब विधि धर्म उपाय पाय फिर पापहि करहूँ।।7।।

दुर्लभ है नर जन्म तथा श्रावक कुल भारी।
सत संगति संजोग धर्म जिन श्रद्धा धारी।।
जिन वचनामृत धार समावतैं जिनवानी।
तोहू जीव संघारे धिक धिक धिक हम जानी।।8।।

इन्द्रिय लंपट होय खोय निज ज्ञान जमा सब।
अज्ञानी जिमि करै तिसि विधि हिंसक व्है अब।।
गमना गमन करंतो जीव विराधे भोले।
ते सब दोष किये निंदूँ अब मन वच तोले।।9।।

आलोचन विधि थकी दोष लागे जु घनेरे।
ते सब दोष विनाश होउ तुम तैं जिन मेरे।।
बार बार इस भाँति मोह मद दोष कुटिलता।
ईर्षादिक तें भये निंदि ये जे भयभीता।।10।।

***

आलोचना पाठ

दोहा- वंदो पाँचों परमगुरु, चौबीसों जिनराज ।
करूँ शुद्ध आलोचना, शुद्धि करन के काज ।।1 ।।

सखी छंद

सुनिये जिन अरज हमारी, हम दोष किये अति भारी ।
तिनकी अब निर्वृति काजा, तुम सरन लही जिनराजा ।।2 ।।

इक वे ते चउ इंद्री वा, मन रहित सहित जे जीवा ।
तिनकी नहिं करुणा धारी, निरदइ ह्वै घात विचारी ।।3 ।।

समरंभ समारंभ आरंभ, मन वच तन कीने प्रारंभ ।
कृत कारित मोदन करिकैं क्रोधादि चतुष्टय धरिकैं ।।4 ।।

शत आठ जु इमि भेदनतैं, अघ कीने परिछेदन तैं ।
तिनकी कहुँ कोलों कहानी, तुम जानत केवलज्ञानी ।।5 ।।

विपरीत एकान्त विनय के, संशय अज्ञान कुनय के ।
वश होय घोर अघ कीने, वचतैं नहिं जाय कहीने ।।6 ।।

कुगुरुन की सेवा कीनी, केवल अदया करि भीनी ।
या विधि मिथ्यात भ्रमायो, चहुँगति मधि दोष उपायो ।।7 ।।

हिंसा पुनि झूठ जु चोरी, पर वनिता सों दृग जोरी ।
आरंभ परिग्रह भीनो, पन पाप जु या विधि कीनो ।।8 ।।

सपरस रसना घ्रानन को, चखु कान विषय सेवन को ।
बहु करम किये मनमाने, कछु न्याय-अन्याय न जाने ।।9 ।।

फल पंच उदम्बर खाये, मधु मांस मद्य चित्त चाये ।
नहिं अष्ट मूलगुण धारे, सेये कुव्यसन दुःखकारे ।।10 ।।

दुइबीस अभख जिन गाये, सो भी निश-दिन भुंजाये ।
कछु भेदाभेद न पायो, ज्यों त्यों करि उदर भरायो ।।11 ।।

अनंतानु जु बंधी जानो, प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यानो ।
संज्वलन चौकड़ी गुनिये, सब भेद जु षोडश मुनिये ।।12 ।।

परिहास अरति रति शोक, भय ग्लानि तिवेद संयोग ।
पनबीस जु भेद भये इम, इनके वश पाप किये हम ।।13 ।।

निद्रा वश शयन कराई, सुपने मधि दोष लगाई ।
फिर जागि विषय वन धायो, नाना विध विषफल खायो ।।14 ।।

आहार विहार नीहारा, इनमें नहिं जतन विचारा ।
बिन देखी धरी उठाई, बिन शोधी वस्तु जु खाइ ।।15 ।।

तब ही परमाद सतायो, बहुविधि विकलप उपजायो ।
कछु सुधि बुधि नाहिं रही है, मिथ्यामति छाय गई है ।।16 ।।

मरजादा तुम ढिग लीनी, ताहू में दोष जु कीनी ।
भिन भिन अब कैसें कहिये, तुम ज्ञान विषैं सब पइये ।।17 ।।

हा हा मैं दुठ अपराधी, त्रस-जीवन राशि विराधी ।
थावर की जतन न कीनी, उर में करुणा नहिं लीनी ।।18 ।।

पृथिवी बहु खोद कराई महलादिक जागा चिनाई ।
पुनि विन गाल्यो जल ढोल्यों, पंखातैं पवन विलोल्यो ।।19 ।।

हा हा! मैं अदयाचारी, बहु हरित काय जु विदारी ।
तामधि जीवन के खंदा, हम खाये धरि आनंदा ।।20 ।।

हा हा परमाद बसाई, बिन देखे अगनि जलाई ।
तामध्य जीव जे आये, ते हू परलोक सिधाये ।।21 ।।

बीध्यो अन राति पिसायो, ईंधन बिन सोधि जलायो।
झाड़ू ले जागां बुहारी चींटी आदिक जीव विदारी।।22।।

जल छानि जिवानी कीनी, सो हू पुनि डारि जु दीनी।
नहिं जल-थानक पहुँचाई, किरिया बिन पाप उपाई।।23।।

जल मल मोरिन गिरवायो, कृमि-कुल बहु घात करायो।
नदियन बिच चीर धुवाये, कोसन के जीव मराये।।24।।

अन्नादिक शोध कराई, तातें जु जीव निसराई।
तिनका नहिं जतन कराया, गलियारैं धूप डराया।।25।।

पुनि द्रव्य कमावन काजै, बहु आरंभ हिंसा साजै।
किये तिसनावश अघ भारी, करुणा नहिं रंच विचारी।।26।।

इत्यादिक पाप अनंता, हम कीने श्री भगवंता।
संतति चिरकाल उपाई, वाणी तैं कहिय न जाई।।27।।

ताको जु उदय अब आयो, नाना विध मोहि सतायो।
फल भुंजत जिय दुःख पावै, वचतैं कैसे करि गावै।।28।।

तुम जानत केवलज्ञानी, दुःख दूर करो शिवथानी।
हम तो तुम शरण लही है, जिन तारन विरद सही है।।29।।

इक गांव पती जो होवे, सो भी दुखिया दुख खोवै।
तुम तीन भुवन के स्वामी, दुःख मेटहु अंतरजामी।।30।।

द्रौपदि को चीर बढ़ाओ, सीता-प्रति कमल रचायो।
अंजन से किये अकामी, दुःख मेटो अंतरजामी।।31।।

मेरे अवगुन न चितारो, प्रभु अपनो विरद सम्हारो।
सब दोष-रहित करि स्वामी, दुःख मेटहु अंतरजामी।।32।।

इंद्रादिक पदवी नहिं चाहूँ, विषयनि में नाहिं लुभाऊँ।
रागादिक दोष हरीजे, परमातम निज पद दीजे।।33।।

(दोहा)

दोष-रहित जिनदेवजी, निज-पद दीज्यो मोय।
सब जीवन के सुख बढ़ें, आनंद मंगल होय।।
अनुभव माणिक पारखी, जौहरि आप जिनन्द।
ये ही वर मोहि दीजिये, चरण शरण आनन्द।।

3. तृतीय सामायिक भाव कर्म

सब जीवन में मेरे समता भाव जग्यो है।
सब जिय मो सम समता राखो भाव लग्यो है।।
आर्त्त रौद्र द्वय ध्यान छाँड़ि करिहूँ सामायिक।
संजम मो कब शुद्ध होय भाव बधायक।।11।।
पृथिवी जल अरु अग्नि वायु चउ काय वनस्पति।
पंचहि थावर माहिं तथा त्रस जीव बसैं जित।।
बेइंद्रिय तिय चउ पंचेद्रिय माँहि जीव सब।
तिनतें क्षमा कराऊँ मुझ पर क्षमा करो अब।।12।।
इस अवसर में मेरे सब सम कंचन अरु तृण।
महल मसान समान शत्रु अरु मित्रहिं समगण।।
जामन मरण समान जानि हम समता कीनी।
सामायिक का काल जितै यह भाव नवीनी।।13।।
मेरो है इक आतम तामें ममत जु कीनो।
और सबै सम भिन्न जानि ममता रस भीनो।।
माता पिता सुत बंधु मित्र तिय आदि सबै यह।
मोतैं न्यारे जानि जथारथ रूप कर्‌यो गह।।14।।

मैं अनादि जग जाल माँहि फँसि रूप न जाण्यो।
एकेन्द्रिय दे आदि जंतु को प्राण हराण्यो।।
ते सब जीव समूह सुनो मेरी यह अरजी।
भव-भव को अपराध छिमा कीज्यो कर मरजी।।15।।

4. चतुर्थ स्तवन कर्म

नमो ऋषभ जिनदेव अजित जिन जीति कर्म को।
सम्भव भव दुख हरण करण अभिनन्द शर्म को।।
सुमति सुमति दातार तार भव सिंधु पार कर।
पद्म प्रभ पद्माभ भानि भवभीति प्रीतिधर।।16।।
श्री सुपार्श्व कृत पाश नाश भव जास शुद्ध कर।
श्री चन्द्रप्रभ चन्द्र काति सम देह कांतिधर।।
पुष्पदन्त दमि दोष कोष भवि पोष रोषहर।
शीतल शीतल करण हरण भवताप दोष कर।।17।।
श्रेय रूप जिन श्रेय ध्येय नित सेय भव्य जन।
वासुपूज्य शत पूज्य वासवादिक भव भय हन।।
विमल विमलमति देन अन्तगत है अनन्त जिन।
धर्म शर्म शिवकरण शान्तिजिन शान्ति विधायिन।।18।।
कुंथु कुंथुमुख जीवपाल अरनाथ जाल हर।
मल्लि मल्ल सम मोह मल्ल मारन प्रचार धर।।
मुनिसुव्रत व्रतकरण नमत सुर संघहिं नमिजिन।
नेमिनाथ जिन नेमि धर्मरथ मांहि ज्ञानधन।।19।।
पार्श्व नाथ जिन पार्श्व उपल सम मोक्ष रमापति।
वर्द्धमान जिन नमूं नमूं भवदु:ख कर्मकृत।।

या विधि मैं जिन संघ रूप चउवीस संख्यधर।
स्तवूं नमूं हूँ बार-बार बन्दूँ शिव सुखकर।।20।।

5. पंचम वंदना कर्म

बन्दूँ मैं जिनवीर धीर महावीर सु सनमति।
वर्द्धमान अतिवीर बन्दि हूँ मन वच तन कृत।।
त्रिशला तनुज महेश धीश विद्यापति बन्दूँ।
बंदौं नित प्रति कनक रूप तनु पापनिकंदू।।21।।
सिद्धारथ नृपनंद द्वंद्व, दुख दोष मिटावन।
दुरित दवानल ज्वलित ज्वाल जगजीव उधारन।।
कुण्डलपुर करि जन्म जगत जिय आनंद कारन।
वर्ष बहत्तर आयु पाय सब ही दुख टारन।।22।।
सप्त हस्त तनु तुङ्गभंगकृत जन्म मरण भय।
बाल ब्रह्म मय ज्ञेय हेय आदेय ज्ञानमय।
दे उपदेश उधारि तारि भवसिंधु जीव घन।
आप बसे शिवमांहि ताहि बंदौ मन वच तन।।23।।
जाके वंदनथ की दोष दुख दूरहि जावै।
जाके वंदनथ की मुक्तिंतिय सन्मुख आवै।
जाके वंदनथ की वंद्य होवे सुरगन के।
ऐसे वीर जिनेश बन्दि हूँ क्रम युग तिनके।।24।।
सामायिक षट् कर्म मांहिं वंदन यह पंचम।
वंदो वीर जिनेन्द्र इंद्र शत वंद्य वंद्य मम।।

जन्म मरण भय हरो करो अब शान्ति शान्तिमय।
मैं अघ कोष सुपोष दोष को दोष विनाश।।25।।

6. छठा कायोत्सर्ग कर्म

कायोत्सर्ग विधान करूँ अंतिम सुखदाई।
कायत्यजनमय होय काय सबको दुखदाई।।
पूरब दक्षिण नमूं दिशा पश्चिम उत्तर में।
जिनगृह वंदन करूँ हरूँ भवपाप तिमिर मैं।।26।।
शिरोनति मैं करूँ नमूं मस्तक कर धरिकैं।
आवर्तादिक क्रिया करूँ मन वच मद हरिकैं।।
तीन लोक जिन भवनमांहि जिन हैं जुअकृत्रिम।
कृत्रिम हैं द्वय अर्द्धद्वीप माहीं बंदो जिम।।27।।
आठ कोड़ि परि छप्पन लाख जु सहस सत्याणूं।
च्यारि शतक-पर असी एक जिमंदिरजाणूं।।
व्यंतर ज्योतिष माहिं संख्य रहिते जिन मंदिर।
ते सब वंदन करूँ हरहु मम पाप संघकर।।28।।
सामायिक सम नाहिं और कोउ वैर मिटायक।
सामायिक सम नाहिं और कोउ मैत्री दायक।।
श्रावक अणुव्रत आदि अन्त सप्तम गुणथानक।
यह आवश्यक किये होय निश्चय दुखहानक।।29।।
जे भवि आतम-काज-करण उद्यम के धारी।
ते सब काज विहाय करो सामायिक सारी।।
राग रोष मद मोह क्रोध लोभादिक जे सब।
बुध महाचन्द्र विलाय जाय तातैं कीज्यो अब।।30।।

***

निर्वाण काण्ड भाषा

दोहा - **वीतराग वन्दौं सदा, भाव सहित सिर नाय।**
कहूँ काण्ड निर्वाण की, भाषा सुगम बनाय।।1।।

चौपाई

अष्टापद आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य चम्पापुरि नामि।
नेमिनाथ स्वामी गिरनार, वन्दौं भाव-भगति उर धार।।2।।

चरम तीर्थंकर चरम-शरीर, पावापुरि स्वामी महावीर।
शिखरसम्मेद जिनेश्वर बीस, भावसहित वन्दौं निश-दीस।।3।।

वरदत्तराय अरु इंद्र मुनिंद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद।
नगर तारवर मुनि उठकोड़ि, वंदौं भावसहित कर जोड़ि।।4।।

श्रीगिरनार शिखर विख्यात, कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात।
संबु-प्रद्युम्न कुमार द्वै-भाय, अनिरुद्ध आदि नमूँ तसु पाय।।5।।

रामचंद्र के सुत द्वै वीर, लाड-नरिंद आदि गुणधीर।
पाँच कोड़ि मुनि मुक्ति मंझार, पावागिरि वंदौं निरधार।।6।।

पांडव तीन द्रविड़-राजान, आठ कोड़ि मुनि मुकति पयान।
श्री शत्रुंजय-गिरि के सीस, भावसहित वंदौं निश-दीस।।7।।

जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये।
श्री गजपंथ शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमूँ तिहुँ काल।।8।।

राम हनू सुग्रीव सुडील, गव गवाख्य नील महानील।
कोड़ि निन्याणवे मुक्ति पयान, तुंगीगिरि वंदौं धरि ध्यान।।9।।

नंग अनंग कुमार सुजान, पाँच कोड़ि अरु अर्घ प्रमान।
मुक्ति गये सोनागिरि-शीश, ते वंदौं त्रिभुवनपति ईस।।10।।

रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये रेवा-तट सार।
कोटि पंच अरु लाख पचास, ते वन्दौं धरि परम हुलास।।11।।

रेवानदी सिद्धवर कूट, पश्चिम दिशा देह जह छूट।
द्वै चक्री दश कामकुमार, आठकोड़ि वंदौं भव पार।।12।।

बड़वानी बड़नगर सुचंग, दक्षिण दिशि गिरि चूल उतंग।
इंद्रजीत अरु कुंभ जु कर्ण, ते वंदौं भव-सागर तर्ण।।13।।

सुवरण-भद्र आदि मुनि चार, पावागिरि-वर-शिखर मँझार।
चेलना नदी-तीर के पास, मुक्ति गये वंदौं नित तास।।14।।

फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पच्छिम दिशा द्रोणागिरि रूप।
गुरुदत्तादि-मुनीसुर जहाँ, मुक्ति गये वंदौं नित तहाँ।।15।।

बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्री अष्टापद मुक्ति मँझार, ते वंदौं नित सुरत सँभार।।16।।

अचलापुर की दिशा ईसान, तहाँ मेढ़गिरि नाम प्रधान।
साढ़े तीन कोड़ि मुनिराय, तिनके चरण नमूँ चित लाय।।17।।

वंशस्थल वन के ढिग होय, पच्छिम दिशा कुंथुगिरि सोय।
कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करूँ प्रणाम।।18।।

जसरथ राजा के सुत कहे, देश कलिंग पाँच सौ लहे।
कोटिशिला मुनि कोटि प्रमान, वंदन करूँ जोरि जुग पान।।19।।

समवसरण श्री पार्श्व-जिनंद, रेसिंदीगिरि नयनानंद।
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदौं नित धरम-जिहाज।।20।।

मथुरापुरी पवित्र उद्यान, जम्बूस्वामी जी निर्वाण।
चरमकेवली पंचमकाल, ते वन्दौं नित दीनदयाल।।21।।

तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित प्रति वंदन कीजै तहाँ।
मन-वच-काय सहित सिर नाय, वंदन करहिं भविक गुणगाय।।22।।

संवत सतरह सौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
'भैया' वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाण काण्ड गुणमाल।।23।।

इत्याशीर्वाद : ।

सामायिक पाठ (परमात्म बत्तीसी)

श्री अमितगति सूरि विरचित

(हिन्दी पद्यानुवाद - श्री रामचरित उपाध्याय)

नित देव ! मेरी आत्मा धारण करे इस नेम को।
मैत्री करे सब प्राणियों से, गुणी जनों से प्रेम को।।
उन पर दया करती रहे, जो दुख-ग्राह-ग्रहीत हैं।
उनसे उदासी सी रहे, जो धर्म से विपरीत हैं।।1।।

करके कृपा कुछ शक्ति ऐसी, दीजिए मुझ में प्रभो।
तलवार को ज्यों म्यान से, करते विलग हैं हे विभो।।
गतदोष आत्मा शक्तिशाली हैं मिली मम अंग से।
उसको विलग उस भाँति करने के लिये ऋजु ढंग से।।2।।

हे नाथ ! मेरे चित्त में समता सदा भरपूर हो।
सम्पूर्ण ममता की कुमति मेरे हृदय से दूर हो।।
वन में, भवन में, दुःख में, सुख में नहीं कुछ भेद हो।
अरि-मित्र में, मिलने-बिछुड़ने में न हर्ष न खेद हो।।3।।

अतिशय घनी तम-राशि को दीपक हटाते हैं यथा।
दोनों कमल-पद आपके अज्ञान-तम हरते तथा।।
प्रतिबिम्ब सम स्थिर रूप वे मेरे हृदय में लीन हों।
मुनिनाथ ! कीलित तुल्य वे उर पर सदा आसीन हों।।4।।

यदि एक-इन्द्रिय आदि देही घूमते फिरते मही।
जिनदेव ! मेरी भूल से पीड़ित हुए होवें कहीं।।
टुकड़े हुए हों, मल गये हों, चोंट खाये हों कभी।
तो नाथ ! वे दुष्टाचरण मेरे बनें झूठे सभी।।5।।

सन्मुक्ति के सन्मार्ग से प्रतिकूल पथ मैंने लिया।
पञ्चेन्द्रियों चारों कषायों में स्वमन मैंने किया।।
इस हेतु शुद्ध चरित्र का जो लोप मुझसे हो गया।
दुष्कर्म वह मिथ्यात्व को हो प्राप्त प्रभु ! करिए दया।।6।।

चारों कषायों से, वचन, मन, काय से जो पाप है-
मुझसे हुआ , हे नाथ ! वह कारण हुआ भव-ताप है।।
अब मारता हूँ मैं उसे आलोचना-निन्दादि से।
ज्यों सकल विषको वैद्यवर है मारता मन्त्रादि से।।7।।

जिनदेव ! शुद्ध चारित्र का मुझसे अतिक्रम जो हुआ।
अज्ञान और प्रमाद से व्रत का व्यतिक्रम जो हुआ।।
अतिचार और अनाचार जो जो हुए मुझसे प्रभो !।
सबकी मलिनता मैटने को प्रतिक्रम करता विभो।।8।।

मन की विमलता नष्ट होने को अतिक्रम है कहा।
ओ शीलचर्या के विलंघन को व्यतिक्रम है कहा।।
हे नाथ ! विषयों में लिपटने को कहा अतिचार है।
आसक्त अतिशय विषय में रहना महाऽनाचार है।।9।।

यदि अर्थ मात्रा वाक्य में पद में पड़ी त्रुटि हो कहीं।
तो भूल से ही वह हुई, मैंने उसे जाना नहीं।।
जिनदेव वाणी ! तो क्षमा उसको तुरत कर दीजिये।
मेरे हृदय में देव ! केवलज्ञान को भर दीजिये।।10।।

हे देव ! तेरी वन्दना मैं कर रहा हूँ इसलिये।
चिन्तामणि प्रभू हो सभी वरदान देने के लिये।।

परिणाम-शुद्धि समाधि मुझमें बोधि का संचार हो।
हो प्राप्ति स्वात्मा की तथा शिवसौख्य की भवपार हो।।11।।

मुनिनायकों के वृन्द जिसको स्मरण करते हैं सदा।
जिसका सभी नर अमरपति भी स्तवन करते हैं सदा।
सच्छात्र वेद-पुराण जिसको सर्वदा हैं गा रहे।।
वह देव का भी देव बस मेरे हृदय में आ रहे ।।12।।

जो अन्तरहित सुबोध-दर्शन और सौख्यस्वरूप है।
जो सब विकारों से रहित, जिससे अलग भवकूप है।।
मिलता बिना न समाधि जो, परमात्म जिसका नाम है।
देवेश ! वह उर आ बसे मेरा खुला हृधाम है।।13।।

जो काट देता है जगत के दु:ख निर्मित जाल को।
जो देख लेता है जगत की भीतरी भी चाल को।।
योगी जिसे हैं देख सकते, अन्तरात्मा जो स्वयम्।
देवेश ! वह मेरे हृदय-पुर का निवासी हो स्वयम्।।14।।

कैवल्य के सनमार्ग को दिखला रहा है जो हमें।
जो जन्म के या मरण के पड़ता न दुख-सन्देह में।।
अशरीरी हो त्रैलोक्यदर्शी दूर है कुकलंक से।
देवेश ! वह आकर, लगे मेरे हृदय के अङ्ग से।।15।।

अपना लिया है निखिल तनुधारी-निबहने ही जिसे।
रागादि दोष-व्यूह भी छू तक नहीं सकता जिसे।।
जो ज्ञानमय है, नित्य है, सर्वेन्द्रियों से हीन है।
जिनदेव ! देवेश्वर वही मेरे हृदय में लीन है।।16।।

संसार की सब वस्तुओं में ज्ञान जिसका व्याप्त है।
जो कर्म-बन्धन हीन, बुद्ध, विशुद्ध सिद्धि प्राप्त है।।
जो ध्यान करने से मिटा देता सकल कुविकार को।
देवेश ! वह शोभित करे मेरे हृदय-आगार को।।17।।

तम-संघ जैसे सूर्य-किरणों को न छू सकता कहीं।
उस भाँति कर्म-कलंक दोषाकर जिसे छूता नहीं।।
जो है निरंजन वस्त्वपेक्षा, नित्य भी है, एक है।
उस आप्त प्रभु की शरण में हूँ प्राप्त जो कि अनेक है।।18।।

वह दिवसनायक लोक का जिसमें कभी रहता नहीं।
त्रैलोक्य भाषक-ज्ञान-रवि पर है वहां रहता सही।।
जो देव स्वात्मा में सदा स्थिर-रुपता को प्राप्त है।
मैं हूँ उसी की शरण में, जो देववर है, आप्त है।।19।।

अवलोकने पर ज्ञान में जिसके सकल संसार है।
है स्पष्ट दिखता, एक से है दूसरा मिलकर नहीं।।
जो शुद्ध, शिव है, शांत भी है, नित्यता को प्राप्त है।
उसकी शरण को प्राप्त हूँ, जो देववर है आप्त है।।20।।

वृक्षावली जैसे अनल की लपट से रहती नहीं।
त्यों शोक, मन्मथ, मान को रहने दिया जिसने नहीं।।
भय, मोह, नींद, विषाद, चिन्ता भी न जिसको व्याप्त है।
उसकी शरण में हूँ गिरा, जो देववर है आप्त है।।21।।

विधिवत् शुभासन घासका या भूमिका बनता नहीं।
चौकी, शिला को ही सुभासन मानती बुधता नहीं।।

जिससे कषायें-इन्द्रियाँ खटपट मचाती हैं नहीं।
आसन सुधी जन के लिये है आतमा निर्मल वही।।22।।

हे भद्र ! आसन, लोकपूजा, संघकी संगति तथा।
ये सब समाधी के न साधन, वास्तविक में है प्रथा।।
सम्पूर्ण बाहर-वासना को इसलिये तू छोड़ दे।
अध्यात्म में तू हर घड़ी होकर निरत रति जोड़ दे।।23।।

जो बाहरी हैं वस्तुएं, हैं नहीं मेरी कहीं।
उस भांति हो सकता कहीं उनका कभी मैं भी नहीं।।
यों समझ बाह्याडम्बरों को छोड़ निश्चित रूप से।
हे भद्र ! हो जा स्वस्थ तू बच जायेगा भवकूप से।।24।।

निज को निजात्मा-मध्य में ही सम्यग्अवलोकन करे।
तू दर्शन-प्रज्ञानमय है, शुद्ध से भी है परे।।
एकाग्र जिसका चित्त है, तू सत्य इसको मानना।
चाहे कहीं भी हो, समाधी-प्राप्त उसको जानना।।25।।

मेरी अकेली आत्मा परिवर्तनों से हीन है।
अतिशय विनिर्मल है सदा सद्ज्ञान में ही लीन है।।
जो अन्य सब हैं वस्तुएं वे ऊपरी ही हैं सभी।
निज कर्म से उत्पन्न है अविनाशिता क्यों हो कभी।।26।।

है एकता जब देह के भी साथ में जिसकी नहीं।
पुत्रादिकों के साथ उसका ऐक्य फिर क्यों हो कहीं।।
जब अंग-भर से मनुज के चमड़ा अलग हो जायगा।
तो रोंगटों का छिद्रगण कैसे नहीं खो जायगा।।27।।

संसाररूपी गहन में है जीव बहु दुख भोगता।
वह बाहरी सब वस्तुओं के साथ कर संयोगता।।
यदि मुक्ति की है चाह तो फिर जीवगण ! सुन लीजिये।
मन से, वचन से-काय से उसको अलग कर दीजिये।।28।।

देही ! विकल्पित जाल को तू दूर कर दे शीघ्र ही।
संसार-वन में डोलने का मुख्य कारण है यही ।।
तू सर्वदा सबसे अलग निज आत्मा को देखना।
परमातमा के तत्व में तू लीन निज को लेखना।।29।।

पहले समय में आत्मा ने कर्म हैं जैसे किए।
वैसे शुभाशुभ फल यहां पर इस समय उसने लिए।।
यदि दूसरे के कर्म का फल जीव को हो जाय तो।
हे जीवगण ! फिर सफलता निज कर्म की खो जाय तो।।30।।

अपने उपार्जित कर्म-फल को जीव पाते हैं सभी।
उसके सिवा कोई किसी को कुछ नहीं देता कभी।।
ऐसा समझना चाहिये एकाग्र मन होकर सदा।
'दाता अपर है भोगका' इस बुद्धि को खोकर सदा।।31।।

सबसे अलग परमातमा है, 'अमितगति' से वन्द्य है।
हे जीवगण ! वह सर्वदा सब भाँति ही अनवद्य है।।
मन से उसी परमातमा को ध्यान में जो लाएगा।
वह श्रेष्ठ लक्ष्मी के निकेतन मुक्ति पद को पाएगा।।32।।

चौपाई **पढ़कर इन द्वात्रिंश पद्य को, लखता जो परात्मवन्द्य को।**
वह अनन्यमन हो जाता है, मोक्ष निकेतन को पाता है।।33।।

***

कल्याणालोचना

गाथा - **परमप्पइ वद्ढमई परमेट्ठीणं करोमिणवकारं।**
सग पर सिद्धिणिमित्तं कल्लाणालोयणा वोच्छे।।1।।

(1) अनन्त ज्ञान के धारक श्री अरहन्त भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ तथा आत्मा की सिद्धी के लिये एवं जीवों के कल्याणार्थ कल्याण आलोचना करता हूँ।

(2) रे जीव ! मिथ्यात्व कर्म की तीव्र प्रकृतियों के उदय से इस अनन्त जन्म-मरण रूपी संसार में तूने अनन्त बार परिभ्रमण किया परन्तु अब तक तुझे रत्नत्रय की प्राप्ति कभी नहीं हुई।

(3) इस संसार में परिभ्रमण करते हुये तूने जिनधर्म का आराधन कभी नहीं किया और उसी जिनधर्म के बिना इस संसार में तुझे अनन्तबार महादु:ख प्राप्त हुये हैं।

(4) इस संसार में निवास करते हुये तूने अनन्तबार मरण किये परन्तु केवल उस एक जैनधर्म के बिना उन मरणों की संख्या पूरी नहीं हुई अर्थात् जन्म-मरण का अन्त नहीं हुआ।

(5) हे जीव ! तूने निगोद में अन्तर्मुहूर्त काल में छ्यासठ हजार तीन सो छत्तीस (66336) बार मरण किया एवं जन्म-मरण के दु:ख को प्राप्त हुआ।

(6) हे जीव ! तूने दो इन्द्रिय अवस्था में अन्तर्मुहुर्त काल में अस्सी क्षुद्रभव धारण किये, ते इन्द्रिय अवस्था में साठ क्षुद्रभव धारण किये, चौ इन्द्रिय पर्याय में चालीस क्षुद्रभव धारण किये और पंचेन्द्रिय पर्याय में चौबीस क्षुद्रभव धारण किये।

(7) परस्पर एक-दूसरे के साथ क्रोध करते हुये ये जीव अत्यन्त घोर दु:ख पाते हैं। उनकी कभी पर्याप्ति ही पूरी नहीं होती। फिर भला ध्येय रूप बुद्धि से सर्वथा रहित वे जीव उस जिनधर्म को कैसे धारण कर सकते है।

(8) इस संसार में परिभ्रमण करते हुए इस जीव के साथ माता-पिता कुटम्बी लोग तथा अपने परिवार के मनुष्यों में से कोई भी साथ नहीं जाता। यह

जीव सदा अकेला परिभ्रमण किया करता है। इसका साथी कोई दूसरा नहीं होता।

(9) जब आयु का अन्त आता है, आयु पुरी हो जाती है। तब कोई भी उस आयु को नहीं बढ़ा सकता। न देवों का इन्द्र किसी की आयु बढ़ा सकता है न चक्रवर्ती बढ़ा सकता है। मणिमन्त्र, तन्त्र अथवा औषधि–कोई भी किसी तरह आयु को नहीं बढ़ा सकते हैं।

(10) इस समय मन, वचन, काय के योगों की विशुद्धि होने से तुझे इस जैन धर्म की प्राप्ति हुई है। इसलिये बड़े प्रयत्न के साथ प्रत्येक समय में तू समस्त जीवों को क्षमा कर तथा उनके प्रति क्षमा धारण कर।

(11) सम्यग्दर्शन के प्रतिपक्षी वा विरोधी मिथ्यात्व के तीन सौ तिरेसठ भेद हैं। यदि उनका मैंने अपने अज्ञान से श्रद्धान किया हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(12) मधु, मांस, मद्य और जुआ को आदि लेकर जो व्यसनों के सात भेद हैं उनको त्याग करने का मैंने नियम न किया हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(13) साधुओं ने या गुरुओं ने मुझे जो अणुव्रत, महाव्रत, सप्तशील यम–नियम रूप से दिये हों और उनमें से जिन–जिन की विराधना हुई हो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(14–15) नित्य निगोद की सात लाख, इतर निगोद की सात लाख, पृथिवीकायिक की सात लाख, जलकायिक की सात लाख, अग्निकायिक की सात लाख, वायुकायिक की सात लाख, वनस्पतिकायिक की दश लाख, दो इन्द्रिय की दो लाख, ते इन्द्रिय की दो लाख, चौ इन्द्रिय दो लाख, देवों की चार लाख, नारकियों की चार लाख, पंचेन्द्रिय तिर्यचों की चार लाख और मनुष्यों की चौदह लाख। इस प्रकार समस्त जीवों की चौरासी लाख योनियाँ है। इन चौरासी लाख योनियों में प्राप्त हुए जीवों में से जिन–जिन जीवों की विराधना मुझसे हुई हो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(16) पृथ्वीकायिक जीव, जलकायिक जीव, वनस्पतिकायिक जीव और

विकलत्रय जीवों में से जो जो मुझसे विराधे गये हो उनकी विराधना से होने वाला सब पाप मेरा मिथ्या हो।

(17) भगवान जिनेन्द्र देव ने व्रतों के सत्तर अतिचार बतलाये हैं। उनमें से जो जो अतिचार लगे हों या व्रतों में अनेक प्रकार से विराधना हुई हो या सामायिक और क्षमा भावों से विराधना हुई हो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(18) फल, पुष्प, छाल, लता आदि काम में लाने में जो जीवों की विराधना हुई हों, बिना छने जल से स्नान करने में जिन जीवों की विराधना हुई हो उन सबसे होने वाले मेरे सब पाप मिथ्या हों।

(19) मैंने जो शील पालन न किया हो, क्षमा धारण न की हो, विनय न किया हो, तप न किया हो, संयम पालन न किया हो, उपवास न किया हो तथा उनकी भावना न की हो, वह समस्त मेरा पाप मिथ्या हो।

(20) यदि मैंने अपने अज्ञान से कंदमूल, फल, बीज खाये हों। अन्य सचित्र पदार्थों का भक्षण किया हो वा रात्रि में भोजन किया हो तो वह सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(21) मैंने भगवान के चरण कमलों की पूजा न की हो, पात्र दान न दिया हो, ईर्या समिति पूर्वक गमन न किया हो ये सब काम न किया हो न उनकी भावना की हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(22) मैंने अपने प्रमाद जन्य दोष से ब्रह्मचर्य आरम्भ और परिग्रह में बहुत से पाप किये हों तथा उनमें जीवों की विराधना हुई हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(23) एक सौ सत्तर कर्म भूमियों में होने वाले भूत, भविष्यत्, वर्तमान काल सम्बन्धी तीर्थंकरों की जो विराधना की हो, उनका अनादर किया हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(24) भगवान अरहंत परमेष्ठी, आचार्य परमेष्ठी, उपाध्याय परमेष्ठी और साधु परमेष्ठी की जो–जो विराधना की हो, इनकी आज्ञा भंग की हो या निरादर किया हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हो।

(25) जिन वचन, जिनधर्म, जिन चैत्यालय और कृत्रिम-अकृत्रिम जिन प्रतिमाओं की जो विराधना की हो तो वे सब मेरे पाप मिथ्या हो।

(26) सम्यग्दर्शन के आठ दोष हैं, सम्यक्ज्ञान के आठ दोष हैं और सम्यक्चारित्र के पाँच दोष हैं इनमें से जो दोष मैंने लगाये हों तो उनमें होने वाले मेरे सब पाप मिथ्या हो।

(27) मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान इन पांचों ज्ञान में से जिस किसी ज्ञान की विराधना हुई हो तो वह सब मेरा पाप मिथ्या हो।

(28) आचारांग आदि ग्यारह अंग और चौदह पूर्वों का स्वरूप जो भगवान जिनेन्द्र देव ने कहा हैह्न उसमें जो कुछ मुझसे विराधना हुई हो तो वह सब मेरा पाप मिथ्या हो।

(29) जो पंच महाव्रतों से सुशोभित हैं और अठारह हजार शीलों से जिनकी शोभा बढ़ रही है ऐसे भगवान अरहंत देव की जो कुछ विराधना हुई हो तो वह सब मेरा पाप मिथ्या हों।

(30) अनेक ऋद्धियों को धारण करने वाले गणधरदेव इस संसार में पिता के समान हैं। क्योंकि वे सब ऋषियों के गुरु हैं। उनकी जो कुछ मुझसे विराधना हुई हो तो वह सब मेरा पाप मिथ्या हों।

(31) निर्ग्रथ मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका इन चार प्रकार के संघों में से जिस किसी की विराधना हुई हो तो वह सब मेरे पाप मिथ्या हो।

(32) वैमानिक देव-भवनवासी, व्यंतर ज्योतिषी और कल्पवासी देव, मनुष्य और तिर्यंच गति में रहने वाले जीवों की जो विराधना हुई हो और उससे जो पाप हुए हों वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(33) मैंने अपने अज्ञान से जो क्रोध, मान, माया, लोभ आदि रागद्वेष किये हों, वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(34) परवस्त्र और परस्त्री आदि के सम्बन्ध से प्रमाद योग पूर्वक जो पाप मैंने किए हों अथवा और जो जो न करने योग्य कार्य किये हों वे सब मेरे पाप मिथ्या हों।

(35) जो आत्मा एक है, शरीरादिक नौकर्म, द्रव्यकर्म और भावकर्म से रहित है, स्वभाव से स्वयं सिद्ध है और सब तरह से विकल्पों से रहित है ऐसे एक परमात्मा की ही मैं शरण जाता हूँ। ऐसे परमात्मा के सिवाय अन्य कोई भी मुझे मेरे लिये शरण नहीं है।

(36) जो परमात्मा रस रहित है, रूप रहित है, गंध रहित है, सब तरह की बाधाओं से रहित और अनन्त ज्ञान स्वरूप है ऐसा एक परमात्मा ही मुझे शरण है। अन्य कोई भी मुझे शरण नहीं है।

(37) परमात्मा का वह अनन्तज्ञान यद्यपि अपने स्वभाव में ही स्थिर रहता है तथापि वह प्रत्येक समय में समस्त ज्ञेय पदार्थों को जानता रहता है। ऐसा वह परमात्मा ही मुझे शरण है, अन्य कोई भी मुझे शरण नहीं है।

(38) उस परमात्मा को चाहे एक प्रकार से सिद्ध किया जाय और चाहे अनेक प्रकार से सिद्ध किया जाए, वह सदा अपने ही स्वभाव में शुद्ध बुद्ध स्वरूप में स्थिर रहता है। ऐसा वह परमात्मा ही मुझे शरण है उसके सिवाय अन्य कोई भी मुझे शरण नहीं है।

(39) वह परमात्मा नित्य है, शरीर के प्रमाण के बराबर है और प्रदेशों के द्वारा लोक प्रमाण है। ऐसा वह परमात्मा ही मुझे शरण है। अन्य कोई भी मुझे शरण नहीं है।

(40) उन परमात्मा से एक ही समय में केवलदर्शन और केवलज्ञान दोनों ही उपयोग एक साथ होते हैं। वह परमात्मा ही मुझे शरण है। अन्य कोई भी मुझे शरण नहीं है।

(41) वह परमात्मा अपने स्वरूप में ही लीन रहते हैं, स्वाभाविक स्वभाव से ही सिद्ध है और राग द्वैषादिक वैभाविक गुणों से रहित होने के कारण समस्त कर्मों के व्यापार से रहित है। ऐसे वे परमात्मा ही मुझे शरण है। अन्य कोई भी मुझे शरण नहीं है।

(42) वह परमात्मा रूप, रस, गंध, स्पर्श रहित होने के कारण शून्य रूप है तथा ज्ञानमय-आत्मस्वरूप होने के कारण शून्य रूप नहीं भी है। उस

परमात्मा का ज्ञान शरीरादिक नो कर्म एवं ज्ञानावरणादिक आठ कर्मों से रहित है। ऐसा वह परमात्मा मुझे शरण है। उसके सिवाय मुझे और कोई शरण नहीं हैं।

(43) जो परमात्मा अपने केवलज्ञान से कभी भिन्न नहीं होता, परन्तु सब तरह के विकल्पों से वह सदा भिन्न रहता है, स्वाभाविक सुख स्वरूप है। ऐसा परमात्मा ही मुझे शरण है। ऐसे परमात्मा के सिवाय मुझे अन्य कोई शरण नहीं है।

(44) जो कभी किसी प्रकार से छिन्न-भिन्न नहीं होता, जो सदैव अखण्ड स्वरूप है तथा अविच्छिन्न है। अन्तिम शरीर के प्रमाण के समान है अथवा असंख्यात प्रदेशमय है। जो ज्ञान के द्वारा समस्त पदार्थों के समान है, अर्थात् समस्त पदार्थों का ज्ञाता है और अगुरू लघु गुण से सुशोभित है ऐसा परमात्मा ही मुझे शरण है। उसके सिवाय मुझे अन्य कोई शरण नहीं है।

(45) जो शुभ भाव और अशुभ भाव दोनों से रहित है। जो केवल शुद्ध स्वभाव के द्वारा अपने ही आत्मा में तल्लीन है अथवा जो केवल अपने शुद्ध स्वभाव में लीन है। ऐसा ही परमात्मा मुझे शरण हैं। इसके सिवाय मुझे अन्य कोई शरण नहीं है।

(46) जो न स्त्री है, न नपुंसक है, न पुरुष है और न पुण्य-पाप रूप है, ऐसा परमात्मा ही मुझे शरण है, अन्य मुझे कोई शरण नहीं है।

(47) हे आत्मन् ! इस संसार में तेरा कोई सगा-सम्बन्धी नहीं है तथा तू भी किसी का भाई, बन्धु या कुटुम्बी नहीं है। यह आत्मा सदा आत्मा ही रहता है। सदा अपने आत्म स्वरूप में स्थिर है, समस्त पदार्थों का ज्ञाता है, जानना इसका स्वभाव है और यह सदा शुद्ध है।

(48) मैं श्री जिनदेव की ही सदा सेवा करता रहूँ। श्री जिनेन्द्रदेव के सिवाय अन्य किसी देव को न मानूं। मेरी बुद्धि सदा जिन-शासन में, जिनधर्म में बनी रहे। जैनधर्म को छोड़कर अन्य किसी धर्म में मेरी बुद्धि न जाय। मेरा

मरण सदा समाधिपूर्वक ही हो। समाधि-मरण के सिवाय अन्य मरण न हो। यह सम्पत्ति मुझे भव-भव में प्राप्त हो।

(49) इस संसार में देव जिन ही है, देव जिन ही है, देव जिन ही है। भगवान जिनेन्द्र देव अरहंत देव ही देव है। अन्य कोई देव, देव नहीं है। धर्म दया रूप ही है, धर्म दयामय ही है, धर्म दया ही है। धर्म सदा दयामय ही होता है, दया के सिवाय अन्य कोई धर्म हो ही नहीं सकता।

(50) महा साधु नग्न दिगम्बर महर्षि होते है। महा साधु दिगम्बर जैन मुनीश्वर होते हैं, महासाधु दिगम्बर ही होते है। हे प्रभो ! जब तक मुझे मोक्ष की प्राप्ति न हो तब तक मेरे हृदय में यही तत्व सदा बना रहे अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति पर्यन्त जिनेन्द्र देव, दयामय धर्म एवं निर्ग्रन्थ साधु के प्रति मेरी अटल श्रद्धा रहे।

(51) आज तक मेरा अनन्तकाल दुःख भोगते हुए व्यर्थ बीत गया। मैंने अब तक भगवान जिनेन्द्र देव के कहे हुए समाधिमरण के लिये कभी प्रयत्न नहीं किया।

(52) हे प्रभो ! महान पुण्योदय से इस समय मुझे भगवान जिनेन्द्र देव की कही हुई आराधना से प्राप्त हुई है। इसके प्राप्त हो जाने से अब इस संसार में ऐसी कौन सी सिद्धि अथवा सम्पत्ति है जो मुझे प्राप्त न हो अर्थात् अब इन आराधनाओं के पालन करने से मुझे समस्त सिद्धियाँ अवश्य प्राप्त हो जायेगी। इनमें किसी प्रकार सन्देह नहीं है।

(53) हे प्रभो ! आपके द्वारा कहा हुआ दया रूपी धर्म बड़ा ही आश्चर्य कारक है। यह धर्म सबसे उत्कृष्ट है व सर्वोत्तम है, इसकी मुझे जो प्राप्ति हुई है अत्यन्त आश्चर्य उत्पन्न करने वाली है। इस निर्मलकाल लब्धि एवं महान् पुण्योदय के प्रसाद से ही मुझे आराधना रूपी सर्वोत्तम सम्पत्ति प्राप्त हुई है जिसके द्वारा ही मुझे मोक्ष का अनुपम सुख अवश्य प्राप्त होगा।

(54) इस प्रकार आलोचना, वन्दना और प्रतिक्रमण की आराधना करने से भगवान जिनेन्द्र देव का कहा हुआ मोक्ष फल अवश्य प्राप्त होता है।

।। इति श्री कल्याणालोचना सम्पूर्णम् ।।

क्षमा वंदना

क्षमा करना क्षमा करना, क्षमा शांति का दाता है।
क्षमा के भाव से प्राणी, 'विशद' मुक्ति को पाता है।
क्षमा करता सकल जन को, क्षमा करना सभी मुझको।
अभी छदमस्थ हूँ मैं भी, नहीं है ज्ञान कुछ मुझको।
रहे मैत्री सभी जन से, किसी से बैर न मेरा।
हृदय में भावना मेरी, किसी से हो नहीं फेरा।
क्षमा करना क्षमा करना, क्षमा ही जग का त्राता है।
क्षमा के भाव से प्राणी, 'विशद' मुक्ति को पाता है।
पाप का कर सकें छेदन, रहे यह भाव में वेदन।
क्षमा उनसे भी चाहूँगा, मेरे हाथों हुए भेदन।
त्याग दूँ दोष इस जग के, यही है भावना मेरी।
पटे खाई हृदय की जो, बनी हो पूर्व से तेरी।
क्षमा करना क्षमा करना, क्षमा समता को लाता है।
क्षमा के भाव से प्राणी, 'विशद' मुक्ति को पाता है।
दया मय भाव हो जावें, हृदय करुणा से भर जावे।
रहे भावों में शीतलता, कभी भी क्रोध न आवे।
क्षमा की तरणी बह जावे, सदा मैं भाव करता हूँ।
क्षमा भूषण है तन मन का, उसे मैं आप धरता हूँ।
क्षमा करना क्षमा करना, क्षमा उर में समाता है।
क्षमा के भाव से प्राणी,'विशद' मुक्ति को पाता है।
कभी जाने या अनजाने, हुए हों दोष जो मेरे।
क्षमा हमको सभी करना, बड़े उपकार हों तेरे।
वीर का धर्म ये कहता, हृदय में शांति तुम धरना।
क्षमा धारण 'विशद' दिल में कि अर्पण प्राण तुम करना।
क्षमा करना क्षमा करना, क्षमा को धर्म गाता है।
क्षमा के भाव से प्राणी,'विशद' मुक्ति को पाता है।

।। इति समाप्तम् ।।

समाधिमरण (भाषा)

गौतम स्वामी बन्दो नामी मरण समाधि भला है।
मैं कब पाऊँ निश दिन ध्याऊँ गाऊँ वचन कला है।।
देव धर्म गुरु प्रीति महा दृढ़ सप्त व्यसन नहिं जाने।
त्याग बाइस अभक्ष संयमी बारह व्रत नित ठाने।।1।।

चक्की उखरी चूलि बुहारी पानी त्रस न विराधै।
बनिज करै परद्रव्य हरै नहिं छहो कर्म इमि साधै।।
पूजा शास्त्र गुरुन की सेवा संयम तप चहुँ दानी।
पर उपकारी अल्प अहारी सामायिक विधि ज्ञानी।।2।।

जाप जपै तिहुँ योग धरै दृढ़ तनकी ममता टारै।
अन्त समय वैराग्य सम्हारै ध्यान समाधि विचारै।।
आग लगै अरु नाव डुबै जब धर्म विघन तब आवै।
चार प्रकार आहार त्यागि के मन्त्र सु-मन में ध्यावे।।3।।

रोग असाध्य जरा बहु देखे कारण और निहारै।
बात बड़ी है जो बनि आवे भार भवन को टारै।।
जो न बने तो घर में रहकरि सबसों होय निराला।
मात-पिता सुत तियको सौंपे, निज परिग्रह इहिकाला।।4।।

कुछ चैत्यालय कुछ श्रावकजन कुछ दुखिया धन देई।
क्षमा-क्षमा सब ही सों कहिके मन की शल्य हनेई।।
शत्रुनसों मिल निज कर जोरे मैं बहु कीनी बुराई।
तुमसे प्रीतम को दुख दीने क्षमा करो सो भाई।।5।।

धन धरती जो मुखसों माँगै सो सब दे संतोषै।
छहों काय के प्राणी ऊपर करुणा भाव विशेषै।।
ऊँच-नीच घर बैठ जगह इक कुछ भोजन कुछ पै लै।
दूधाधारी क्रम-क्रम तजि के छाछ अहार पहेलै।।6।।

छाछ त्यागि के पानी राखै पानी तजि संथारा।
भूमि मांहि थिर आसन मांडै साधर्मी ढिग प्यारा।।
जब तुम जानो यह न जपै है तब जिनवाणी पढ़िये।
यों कहि मौन लियो संन्यासी पंच परम पद गहिये।।7।।

चार अराधन मन में ध्यावै बारह भावन भावै।
दशलक्षण मुनि-धर्म विचारै रत्नत्रय मन ल्यावै।।
पैंतीस सोलह षटपन चारों दुइ इक वरन विचारै।
काया तेरी दुख की ढेरी ज्ञानमयी तू सारै।।8।।

अजर-अमर निज गुणसों पूरै परमानन्द सुभावै।
आनन्दकन्द चिदानन्द साहब तीन जगतपति ध्यावै।।
क्षुधा तृषादिक होय परीषह सहै भाव सम राखै।
अतीचार पाँचों सब त्यागै ज्ञान सुधारस चाखै।।9।।

हाड़ मांस सब सूख जाय जब धर्मलीन तन त्यागै।
अद्भुत पुण्य उपाय स्वर्ग-में सेज उठै ज्यों जागै।।
तहाँ तै आवै शिवपद पावै विलसै सुक्ख अनन्तो।
'द्यानत' यह गति होय हमारी जैन धर्म जयवन्तो।।10।।

समाधि मरण (बड़ा)

वन्दों श्री अरिहन्त परमगुरु, जो सबको सुखदाई।
इस जग में दु:ख जो मैं भुगते, सो तुम जानो राई।।
अब मैं अरज करौं प्रभु तुमसे, कर समाधि उर माहीं।
अन्त समय में वह वर मांगो, सो दीजे जग-राई।।1।।

भवभव में तन धार नया मैं, भव भव शुभ सँग पायो।
भवभव में नृप रिद्धि लही मैं, मात पिता सुत थायो।।
भवभव में तन पुरुष तनों घर, नारी हू तन लीनो।
भवभव में मैं भयो नपुंसक, आतमगुण नहिं चीनो।।2।।

भवभव में सुर पदवी पाई, ताके सुख अति भोगे।
भवभव में गति नरकतनी धर, दु:ख पावे विधि योगे।।
भवभव में तिर्यञ्च योनि धर, पायो दु:ख अतिभारी।
भवभव में साधर्मीजन को, संग मिल्यो हितकारी।।3।।

भवभव में जिन पूजन कीनी, दान सुपात्रहिं दीनो।
भवभव में मैं समवसरण में, देखो जिनगुण भीनो।।
ऐसी वस्तु मिली भवभव में, सम्यक गुण नहिं पायो।
ना समाधिजुतमरण कियो मैं, तातें जग भरमायो।।4।।

काल अनादि गयो जग भ्रमते, सदा कुमरणहिं कीनो।
एक बार हू सम्यकयुत मैं, निज आतम नहिं चीनो।।
जो निज पर को ज्ञान होय तो,मरण समय दु:ख काई।
देह विनाशी मैं निजभासी, ज्योतिस्वरूप सदाई।।5।।

विषय कषायन के वश होकर, देह आपनो जान्यो।
कर मिथ्या सरधान हिये विच, आतम नाहिं पिछान्यो।।

यों क्लेश हियधार मरणकर, चारों गति भरमायो।
सम्यकदर्शन-ज्ञान-चरन ये, हिरदे में नहिं लायो।।6।।

अब यह अरज करों प्रभु सुनिये, मरण समय यह मांगो।
रोगजनित पीड़ा मत होवे, अरु कषाय मत जागो।।
ये मुझ मरण समय दु:खदाता, इन हर साता कीजे।
जो समाधियुत मरण होय मुझ, अरु मिथ्यामद छीजे।।7।।

यह तन सात कुघात मई है, देखत ही घिन आवे।
चर्म लपेटी ऊपर सोहे, भीतर विष्टा पावे।।
अति दुर्गन्ध अपावनसों यह, मूरख प्रीति बढ़ावे।
देह विनाशी जिय अविनाशी, नित्यस्वरूप कहावे।।8।।

यह तन जीर्ण कुटीसम आतम, यातें प्रीति न कीजे।
नूतन महल मिले जब भाई, तब यामें क्या छीजे।।
मृत्यु होने से हानि कोन है, याको भय मत लावो।
समता से जो देह तजोगे, तो शुभतन तुम पावो।।9।।

मृत्यु मित्र उपकारी तेरी, इस अवसर के माहीं।
जीरन तन से देत नयो यह, या सम काहू नाहीं।।
ये सेती इस मृत्यु समय पर, उत्सव अति ही कीजे।
क्लेश भाव को त्याग सयाने, समता भाव धरीजे।।10।।

जो तुम पूरब पुण्य किये हैं, तिनको फल सुखदाई।
मृत्यु मित्र बिन कौन दिखावे, स्वर्ग सम्पदा भाई।।
राग-द्वेष को छोड़ सयाने, सात व्यसन दुखदाई।
अन्य समय में समता धारो, पर भव पंथ सहाई।।11।।

कर्म महा दुठ बैरी मेरो, तासेती दुख पावे।
तनपिंजर में बन्द कियो मोहि, यासों कौन छुड़ावे।।
भूख तृशा दुख आदि अनेकन, इस ही तन में गाढ़े।
मृत्युराज अब आय दया कर, तन पिंजरा सों काढ़े।।12।।

नाना वस्त्राभूषण मैंने, इस तन को पहराये।
गन्ध-सुगन्धी अतर लगाये, षट्रस अशन कराये।।
रात दिना मैं दास होय कर, सेव करी तन केरी।
सो तन तेरे काम न आवे, भूल रह्यो निधि मेरी।।13।।

मृत्युराज को शरन पाय तन, नूतन ऐसो पाऊँ।
जामें सम्यक रतन तीन लहि, आठों कर्म खपाऊँ।।
देखो तन सम और कृतघ्नी, नाहिं सु या जगमाहीं।
मृत्युसमय में ये ही परिजन, सबही हैं दुखदाई।।14।।

यह सब मोह चढ़ावन हारे, जिय को दुर्गति दाता।
इनसे ममत निवारो जियरा, जो चाहो सुख साता।।
मृत्यु कल्पद्रुम पाय सयाने, माँगो इच्छा जेती।
समता धरकर मृत्यु करो तो, पावो सम्पति तेती।।15।।

चौआराधनसहित प्राणतज, तो ये पदवी पाओ।
हरि प्रतिहरि चक्री तीर्थेश्वर, स्वर्ग मुक्ति में जावो।।
मृत्युकल्पद्रुम सम नहिं दाता, तीनों लोक मँझारे।
ताको पाय क्लेश करो मत, जन्म जवाहर हारे।।16।।

इस तन में क्या राचै जियरा, दिन-दिन जीरन हो है।
तेज कांति बल नित्य घटत है, या सम अथिर सुको है।।

पाँचों इन्द्री शिथिल भई अब, वास शुद्ध नहिं आवे।
तापर भी ममता नहिं छोड़े, समता उर नहिं लावे।।17।।
मृत्युराज उपकारी जिय को, तन सों तोहि छुड़ावे।
नातर या तन बन्दीगृह में, पर्‌यो पर्‌यो बिललावै।।
पुद्‌गल के परमाणु मिलकें, पिण्डरूप तन भासी।
या है मूरत मैं अमूरती, ज्ञानजोति गुणखासी।।18।।
रोग-शोक आदी जो वेदन, ते सब पुद्‌गल लारे।
मैं तो चेतन व्याधि बिना नित, हैं सो भाव हमारे।।
या तनसों इस क्षेत्र सम्बन्धी, कारण आज बन्यो है।
खान-पान दे याको पोष्यो, अब समभाव ठन्यो है।।19।।
मिथ्यादर्शन आत्मज्ञान बिन, यह तन अपनो जान्यो।
इन्द्रीभोग गिने सुख मैंने, आपो नाहिं पिछान्यो।।
तनविनशनतै नाश जान निज, यह अयान दुखदाई।
कुटुम आदि को अपनो जानो, भूल अनादी छाई।।20।।
अब निजभेद जथारथ समभयो, में हूँ ज्योति स्वरूपी।
उपजे विनसे सो यह पुद्‌गल, जान्यो याकों रूपी।।
इष्ट-निष्ट जैते दुःख सुख जो हैं, सो सब पुद्‌गल लागे।
मैं जब अपनी रूप विचारों, तब वे सब दुःख भागे।।21।।
बिन समता तन अनैक घरे मैं, तिन में वे दुख पायो।
शस्त्र घात तें अनेक बार मर, नाना-योनि भ्रमायो।।
बार अनंतहिं अग्नि माहिं जर, भूवो सुमति न लायो।
सिंहव्याघ्र अहिनैक बार मुझ, नाना दुःख दिखायो।।22।।

बिन समाधि ये दुःख लहे मैं, अब उर समता आई।
मृत्युराज को भय नहिं मानो, देवे तन सुखदाई।।
यातें जब लग मृत्यु न आवे, तब लग जपतप कीजे।
जप-तप बिन इस जगके माहीं, कोई भी नहिं सीजे।।23।।
स्वर्ग संपदा तप सों पावे, तपसों कर्म नसावै।
तपही सों शिवकामिनि पति है, या सों तप चित लावे।।
अब मैं जानी समता बिन मुझ, कोऊ नाहिं सहाई।
मात-पिता सुत बन्धु तिरिया, ये सबहैं दुखदाई।।24।।
मृत्यु समय में मोह करें ये, तातें आरत हो है।
आरततें गति नीची पावे, यों लख मोह तज्यो है।।
और परिग्रह जेते जग में, तिनसों प्रीति न कीजे।
पर भव में ये संग न चालें, नाहक आरत कीजे।।25।।
जे-जे वस्तु लखत हैं ते पर, तिनसों नेह निवारो।
परगति में ये साथ न चालें, ऐसो भाव विचारो।।
जो पर भव में संग चले तुझ, तिनसे प्रीतिसु कीजे।
पञ्च पाप तज समता धारो, दान चार विधि दीजे।।26।।
दशलक्षणमय धर्म धरो उर, अनुकम्पा उर लाओ।
षोडशकारण को नित चिन्तो, द्वादश भावना भावो।।
चारों परवी प्रोषध कीजे, अशनरात को त्यागो।
समता धर दुरभाव निवारो, संयम सों अनुरागो।।27।।
अन्त समय में ये शुभ भावहिं, होवें आनि सहाई।
स्वर्ग मोक्ष फल तोहि दिखावें, ऋद्धि देहिं अधिकाई।।

खोटे भाव सकल जिय त्यागे, उर में समता लाके।
जा सेती गति चार दूरकर, बसो मोक्षपुर जाके।।28।।
मन थिरता करके तुम चिंतो, चौ आराधन भाई।
ये ही तोकों सुख की दाता, और हितू कोउ नाहीं।।
आगे बहु मुनिराज भये हैं, तिन गहि थिरता भारी।
बहु उपसर्ग सहे शुभ भावन, आराधन उरधारी।।29।।
तिन में कछुइक नाम कहूँ मैं, सो सुनो भव्य चित लाके।
भाव सहित अनुमोदे तासे, दुर्गति होय न ताके।।
अरु समता जिन उर में आवे, भाव अधीरज जावे।
यों निस दिन जो मुनिवर को, ध्यान हिये बिचलावे।।30।।
धन्य-धन्य सुकुमाल महामुनि, कैसे धीरज धारी।
एक श्यालिनि जुगबालक युत, पाँव भख्यो दुखकारी।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।31।।
धन्यधन्य जु सुकौशल स्वामी, व्याघ्री ने तन खायो।
तों भी श्रीमुनि नेक डिगे नाहिं, आतम सों हित लायो।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।32।।
देखो गज मुनि के सिर ऊपर, विप्र अगनि बहुबारी।
शीश जले जिमि लकड़ी तिनको, तो भी नाहिं चिंगारी।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।33।।

सनत्कुमार मुनि के तन में, कुष्ट-वेदना व्यापी।
छिन्न-भिन्न तन तासों हूवो, तब चिंत्यो गुण आपी।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।34।।
श्रेणिकसुत गंगा में डूब्यो, तन जिननाम चितार्‌यो।
धर संल्लेखना परिग्रह छोड्‌यो, शुद्ध भाव उर धार्‌यो।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।35।।
समन्तभद्र मुनिवर के तन में, क्षुधा-वेदना आई।
तो दुख में मुनि नेक न डिगियो, चिंत्यो निजगुण भाई।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।36।।
ललितघटादिक तीस दोय मुनि, कौशांबी तट जानो।
नदी में मुनि बहकर डूबे, सो दुख उन नहिं मानो।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।37।।
धर्मकोष मुनि चम्पानगरी, बाह्य ध्यान घर ठांढो।
एकमास की कर मर्यादा, तृषा-दुःख सह गाढ़ो।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।38।।
श्रीदत्तमुनि को पूर्व जन्म को, बैरी देव सु आके।
विक्रिय कर दुख शीत तनो सो, सह्योसाधु मन लाके।।

यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।39।।

वृषभसेन मुनि उष्ण शिला पर, ध्यान घर्‌यो मन लाई।
सूर्यधाम अरु उष्ण पवन को, दुःख सहो अधिकाई।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।40।।

अभयघोष मुनि काकंदीपुर, महा-वेदना पाई।
शत्रु चंड ने सब तन छेदो, दुःख दीनो अधिकाई।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।41।।

विद्युतचरने बहु दुख पायो, तो भी धीर न त्यागी।
शुभभावन सो प्राण तजे निज, धन्य और बड़भागी।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।42।।

पुत्र चिलाती नामा मुनि को, वैरी ने तन घाता।
मोटे-मोटे कीट पड़े तन, तापर निज गुण राता।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।43।।

दंडक नामा मुनि की देही, बाणन कर अरि भेदी।
तापर नेक डिगे नहिं वे मुनि, कर्म महा रिपु छेदी।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।44।।

अभिनन्दन मुनि आदि पाँच सौ, घानी पेलि जु मारे।।
तो भी श्री मुनि समताधारी; पूरब कर्म बिचारे।।

यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।45।।

चाणक-मुनि गोगृह के मांही, मूँद अगिनि परजाल्यो।
श्रीगुरु उर समभाव धारके, अपनो रूप सम्हाल्यो।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।46।।

सात शतक मुनिवर ने पायो, हस्तिनापुर में जानो।
बली विप्रकृत घोर उपद्रव, सो मुनिवर नहिं मानो।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।47।।

लोह मयी आभूषण गढ़ के, ताते कर पहराये।
पाँचों पांडव मुनि के तन में, तो भी नाहिं चिगाये।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।48।।

और अनेक भये इस जग में, समता रस के स्वादी।
वे ही हमको हों सुखदाता, हर हैं टेव प्रमादी।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।49।।

सम्यग्दर्शन ज्ञान चरन तप, ये आराधन चारों।
ये ही मोकों सुख की दाता, इन्हें सदा उर धारों।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।50।।

यों समाधि उर माहीं लावो, अपनो हित जो चाहो।
तज ममता अरु आठों मद को, ज्योति-स्वरूपी ध्यावो।।

यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।51।।

जो कोई नित करत पयानो, ग्रामान्तर के काजे।
सो भी शकुन विचारे नीके, शुभ के कारण साजे।।
यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी।
तो तुमरे जिय कौन दुःख है, मृत्यु-महोत्सव भारी।।52।।

मातपितादिक अरु सर्व कुटुमसों, नीको शकुन बनावे।
हल्दी धनिया पुंगी अक्षत, दूध दही फल लावे।।
एक ग्राम के कारण एते, करें शकुन शुभ सारे।
जब परगति को करत पयानो, तउ नहिं सोचैं प्यारे।।53।।

सर्वकुटुम्ब जब रोवन लागे, तोहि रुलावे प्यारे।
ये अपशकुन करें सुन तोकों, तूं यों क्यों न विचारे।।
अब परगति को चलत बिरियाँ, धर्मध्यान उर आनो।
चारों आराधन आराधो, मोह तनों दुःखहानो।।54।।

होय निशल्य तजो सब दुविधा, आतमराम सु ध्यावो।
जब परगति की करहु पयानो, परम तत्त्व उर लावो।।
मोहजाल को काट पियारे, अपनो रूप विचारो।
मित्र मृत्यु उपकारी तेरी, यों उर निश्चय धारो।।55।।

मृत्यु महोत्सव पाठ को, पढ़ो सुनो बुद्धिमान।
सरधा धर नित सुख लहो, सूरचंद शिवथान।।
पंच उभय नव एक नभ, संबत सो सुखदाय।
आश्विन श्याम सप्तमी, कह्यो पाठ मन लाय।।56।।

श्री सोलहकारण भावना

सोलहकारण यह भवतारण, सुमरत पावन होय हियौ।
भावै श्री आनन्द महामुनि, तीर्थंकर पद बंध कियो।।
काय कषाय करी कृष अति ही, सत संजम गुण पौढ़ कियौ।
तपबल नाना रिद्धि उपन्नी, राग विरोध निवार दियौ।।
जिस बन जोगी धरै जोगेश्वर, तिस बन की सब विपत टलै।
पानी भरहि सरोवर सूखे, सब ऋतु के फल फूल फलै।।
सिंहादिक जे जात विरोधी, ते सब बैरी बैर तजै।
हंस भुजंगम् मोर मंजारी, आपस में मिलि प्रीति भजै।।
सौहे साधु चढ़ै समता रथ, परमारथ पथ गमन करै।
शिवपुर पहुँचन की उर वांछा, और न कुछ चित् चाह धरै।।
देव-विरक्त ममत्त बिना मुनि, सब सौ मैत्री भाव बहै।
आतम लीन अदीन अनाकुल, गुन बरनत नहिं पार लहै।।
एक दिना तै घोर वनांतर, ठाड़े मुनि वैराग भरै।
मौन परीषह सौ नहिं कापैं, मेरू शिखर ज्यों अचल खरै।।
सो मर नरक कमठ चर पापी, नाना भांति विपत्ति भरी।
तिस ही कानन में विकटानन, पंचानन की देह धरी।।
देखि दिगम्बर केहरि प्यौकौ, पूर्व भवांतर बैर दह्यौ।
धायौ दुष्ट दहाड़ ततच्छन, आन अचानक कंठ गह्यौ।।
तीखे नखन विदारै काया, हाथ कठोरन खंड करै।
बांकी दाढ़न सौ तन भेदे, बदन भयानक ग्रास भरै।।

यो पशुकृत परचण्ड परीषह, सम भावन सौ साधु सही।
क्रोध विरोध हिय नही आन्यौ, परमछिमा उरमांझ वही।।
धनि–धनि श्री आनन्द मुनीसुर, धनि यह धीरज भाव भजे।।
ऐसे घोर उपद्रव में जिन, जोग जुगत सौ प्रान तजे।
अंत समय परजंत तपोधन, शुभ भावन सौ नाहिं चये।
आनत नाम स्वर्ग में स्वामी, सुरगन पूजित इन्द्र भये।।

दोहा– **सुरगलोक बरनन लिखो जथा सकति सुखरीत।**
धर्म–धर्म के फल विषै, ज्यों मन उपजे प्रीत।।

***

दश लक्षण धर्म भावना

सुणो जी श्रावक के दश लक्षण धर्म पालज्यो।।टेक।।
थे तो उत्तम क्षमा धर्म पालज्यो,
थे तो क्रोध भाव सब छोड़ो जी श्रावक।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम मार्दव धर्म पालज्यो,
थे तो मान कषाय ने छोड़ो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम आर्जव धर्म पालज्यो,
थांका कषाय भाव छोड़ो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम सत्य धर्म पालज्यो,
थे तो झूठ बोलबो छोड़ो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम सौच धर्म पालज्यो,
थांका लोभ भाव सब छोड़ो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम संयम धर्म पालज्यो,
थांकी पांचू इन्द्रिया मन वश राखी जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।

थे तो उत्तम तप धर्म पालज्यो,
थांकी कर्म निर्जरा होसी जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम त्याग धर्म पालज्यो,
थे तो चार प्रकार को दान देयो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम त्याग धर्म पालज्यो,
थांकी परिग्रह की पोट उतारो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पालज्यो जी श्रावक।।
थांका कुशील भाव सब छोड़ो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो चौके परिंडे चन्दवो राखज्यो,
थांकी चक्की न झाड़कर पीसो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थांकी रानियां न पाखो माथो न्हावतां,
मरदांरी हजामत नहीं होवै जी श्रावक।। ये दश लक्षण...।।
थांका धोबी न राखो कपड़ा धोवतां,
रंगरेजा न मांड नहीं होसी जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थांका हलवाई न राखो भट्टी झौंकता,
भड़भूजा न भाड़ नहीं होसी जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थांका तेली न राखो घाणी पेलता,
कुम्हार का आव नहीं होसी जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
थे तो इण विधि दश लक्षण पालज्यो,
थे तो स्वर्ग मुक्ति पद पावो जी श्रावक ।। ये दश लक्षण...।।
ये दश लक्षण धर्म पालज्यो।।

***

स्तुति (अहो जगतगुरु)

पं. भूधरदासकृत स्तुति

अहो ! जगतगुरु देव, सुनिए अरज हमारी।
तुम प्रभु दीनदयाल, मैं दुखिया संसारी।।
इस भव वन में माहिं, काल अनादि गमायो।
भ्रम्यो चहूँगति माहिं, सुख नहिं, दुख बहु पायो।।

कर्म महारिपु जोर, एक न कान करैं जी।
मन माने दुख देहिं काहूँसों नाहिं डरैं जी।।
कबहूँ इतर निगोद, कबहूँ नर्क दिखावै।
सुर-नर-पशुगति माहिं, बहुविधि नाच नचावै।।

प्रभु ! इनके परसंग, भव भव माहिं बुरो जी।
जे दुःख देखे देव ! तुमसों नाहिं दुरो जी।।
एक जनम की बात, कहि न सकौं सुनि स्वामी।
तुम अनन्त परजाय, जानत अन्तरयामी।।

मैं तो एक अनाथ, ये मिल दुष्ट घनेरे।
कियो बहुत बेहाल, सुनियों साहिब मेरे।।
ज्ञान महानिधि लूटि रंक निबल करि डार्‌यो।
इनही तुम मुझ मांहि, हे जिन ! अन्तर पार्‌यो।।

पाप पुण्य मिल दोय, पायनि बेड़ी डारी।
तन कारागृह माहिं मोहि दियो दुःख भारी।।

इनको नेक बिगार, मैं कछु नाहिं कियो जी।
विन कारन जगवंद्य ! बहुविधि बैर लियो जी।।

अब आयो तुम पास सुनि कर, सुजस तिहारो।
नीति निपुन महाराज, कीजै न्याय हमारो।।
दुष्टन देहु निकार, साधुनको रख लीजै।
विनवै 'भूधरदास' हे प्रभु ! ढ़ील न कीजै।।

***

संक्षिप्त सूतक विधि

सूतक में देव-शास्त्र-गुरु का स्पर्श, पूजन प्रक्षालादिक तथा मंदिरजी की जाजम वस्त्रादि को स्पर्श नहीं करना चाहिये। सूतक का समय पूर्ण हुये बाद पूजनादि करके पात्रदानादि करना चाहिये।

1. जन्म का सूतक दश दिन तक माना जाता है।

2. यदि स्त्री का गर्भपात (पाँचवे, छठे महीने में) हो तो जितने महीने का गर्भपात हो उतने दिन का सूतक माना जाता है।

3. प्रसूति स्त्री को 45 दिन का सूतक होता है, कहीं-कहीं चालीस दिन का भी माना जाता है। प्रसूति स्थान एक मास तक अशुद्ध है।

4. रजस्वला स्त्री चौथे दिन पति के भोजनादिक के लिये शुद्ध होती है परन्तु देव पूजन, पात्रदान के लिये पाँचवें दिन शुद्ध होती है। व्यभिचारिणी स्त्री के सदा ही सूतक रहता है।

5. मृत्यु का सूतक तीन पीढ़ी तक 12 दिन का माना जाता है। चौथी पीढ़ी में छह दिन का, पाँचवीं-छठी पीढ़ी तक चार दिन का, सातवीं पीढ़ी में

तीन–आठवीं पीढ़ी में एक दिन–रात, नवमी पीढ़ी में स्नान मात्र में शुद्धता हो जाती है।

6. जन्म तथा मृत्यु का सूतक गोत्र के मनुष्य का पाँच दिन का होता है। तीन दिन के बालक की मृत्यु का एक दिन का, आठ वर्ष के बालक की मृत्यु का तीन दिन तक का माना जाता है। इसके आगे बारह दिन का।

7. अपने कुल के किसी गृहत्यागी का सन्यासमरण या किसी कुटुम्बी का संग्राम में मरण हो जाए तो एक दिन का सूतक माना जाता है।

8. यदि अपने कुल का कोई देशांतर में मरण करे और 12 दिन पहले खबर सुने तो शेष दिनों का ही सूतक मानना चाहिये। यदि 12 दिन पूर्ण हो गये हों तो स्नान–मात्र सूतक जानो।

9. गौ, भैंस, घोड़ी आदि पशु अपने घर में जनें तो एक दिन का सूतक और घर के बाहर जनें तो सूतक नहीं होता। घर में दासी तथा पुत्री के प्रसूति होय तो एक दिन, मरण हो तो तीन दिन का सूतक होता है। यदि घर से बाहर हो तो सूतक नहीं। जो कोई अपने को अग्नि आदिक में जलाकर या विष, शस्त्रादि से आत्महत्या करे तो छह महीने तक का सूतक होता है। इसी प्रकार और भी विचार हैं सो आदि पुराण से जानना।

10. बच्चा हुये बाद भैंस का दूध 15 दिन तक, गाय का दूध 10 दिन तक, बकरी का 8 दिन तक अभक्ष्य (अशुद्ध) होता है। देव भेद से सूतक विधान में कुछ न्यूनाधिक भी होता है। परन्तु शास्त्र की पद्धति मिलाकर ही सूतक मानना चाहिये।

भक्ष–अभक्ष्य

जो पदार्थ भक्षण करनेह्न खाने योग्य नहीं होते हैं उन्हें अभक्ष्य कहते हैं। इसके पाँच भेद हैंह्न त्रस हिंसाकारक, बहुस्थावर हिंसाकारक, प्रमादकारक, अनिष्ट और अनुपसेव्य।

(1) जिस पदार्थ के खाने से त्रस जीवों का घात होता है उसे त्रस हिंसाकारक अभक्ष्य कहते हैं। जैसेह्न पंच उदंबर फल, घुना अन्न, अमर्यादित वस्तु जिनमें बरसात में फफूँदी लग जाती है ऐसी कोई भी खाने की चीजें, चौबीस घन्टे के बाद का मुरब्बा, अचार, बड़ी, पापड़ और द्विदल आदि के खाने से त्रस जीवों का घात होता है। कच्चे दूध में या दही में दो दाल वाले मूँग, उड़द, चना आदि अन्न की बनी चीज मिलाने से द्विदल बनता है।

(2) जिस पदार्थ के खाने से अनंत स्थावर जीवों का घात होता है उसे स्थावर हिंसाकारक अभक्ष्य कहते हैं। जैसेह्न प्याज, लहसन, आलू, मूली, गाजर आदि कंदंमूल तथा तुच्छ फल खाने से अनंतों स्थावर जीवों का घात हो जाता है।

एक निगोदिया जीव के शरीर में अनंतानंत सिद्धों से भी अनंतगुणे जीव रहते हैं और एक आलू आदि में अनंत निगोदिया जीव हैं। इसलिए इन कंदमूल आदि का त्याग कर देना चाहिए।

(3) जिसके खाने से प्रमाद या काम विकार बढ़ता है वे प्रमाद–कारक अभक्ष्य हैं। जैसेह्न शराब, भंग, तम्बाकू, गाँजा और अफीम आदि नशीली चीजें। ये स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं।

(4) जो पदार्थ भक्ष्य होने पर भी अपने लिए हितकर न हों वे अनिष्ट हैं। जैसेह्न बुखार वाले को हलुआ एवं जुकाम वाले को ठण्डी चीजें हितकर नहीं हैं।

(5) जो पदार्थ सेवन करने योग्य न हों वे अनुपसेव्य हैं। जैसेह्न लार, मूत्र आदि पदार्थ।

अभक्ष्य बाईस भी माने गये हैंह्लह्ल

ओला घोर बड़ा निशि भोजन, बहुबीजा बेंगन संधान।
बड़ पीपर ऊमर कठऊमर, पाकर फल या होय अजान।।
कंदमूल माटी विष आमिष, मधु माखन अरु मदिरापान।
फल अतितुच्छतुषार चलित रस, ये बाईस अभक्ष्य बखान।।

ओला, दहीबड़ा (कच्चे दूध से जमाये दही का बड़ा), रात्रि भोजन, बहुबीजा, बैंगन, अचार (चौबीस घण्टे बाद का), बड़, पीपल, ऊमर, कठूमर, पाकर, अजानफल (जिसको हम पहचानते नहीं ऐसे कोई फल, पत्ते आदि), कंदमूल (मूली, गाजर आदि जमीन के भीतर लगने वाले), मिट्टी, विष (शंखिया, धतूरा आदि), आमिष–मांस, शहद, मक्खन, मदिरा, अतितुच्छ फल (जिसमें बीज नहीं पड़े हों ऐसे बिलकुल कच्चे छोटे–छोटे फल), तुषार–बर्फ और चलित रस (जिनका स्वाद–बिगड़ जाये ऐसे फटे हुए दूध आदि) ये सब अभक्ष्य हैं।

दही बिलौने के बाद मक्खन को निकाल कर 48 मिनट के अंदर ही गर्म कर लेना चाहिए अन्यथा वह अभक्ष्य हो जाता है अथवा कच्चे दूध से भी जो यंत्र से मक्खन निकाला जाता है उसमें भी कच्चे दूध की मर्यादा एक मुहुर्त 48 मिनट की है। उसी मर्यादा के अन्दर मक्खन निकाल कर जल्दी से गर्म करके घी बना लेना चाहिए।

बाजार की बनी हुई चीजों में मर्यादा आदि का विवेक न रहने से, अनछने जल आदि से बनाई होने से सब अभक्ष्य हैं। अर्क, आसव, शर्बत आदि भी अभक्ष्य हैं। चमड़े में रखे घी, हींग, पानी आदि भी अभक्ष्य हैं। इसलिए इन अभक्ष्यों का त्याग कर देना चाहिए।

प्रयोग में नहीं लेहह्ल रविवार को नमक, सोमवार को हरी, मंगलवार को मीठा, बुद्धवार को घी, गुरुवार को दूध, शुक्रवार को दही एवं शनिवार को तेल।

***

व्रत ग्रहण करने का संकल्प

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करें)

ॐ जय जय जय ! नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु !
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, नमो लोए सव्वसाहूणं।

ॐ ह्रीं श्री भाव पूजा, भाव वंदना, त्रिकाल पूजा, त्रिकाल वंदना कर श्री पंच–परमेष्ठी, जिनधर्म, जिनागम जिनालय, जिन चैत्य, इन नव देवताओं की साक्षीपूर्वक आत्मकल्याण के निमित्त 'व्रत का नाम' ग्रहण करने का संकल्प करता हूँ/करती हूँ और समीचीनतया पालने हेतु मन–वचन–काय से मैं (नाम) सत्संगति की कामना करता हूँ/करती हूँ।

ॐ शान्ति रस्तु, तुष्टि रस्तु, पुष्टि रस्तु, कान्ति रस्तु, कल्याणमस्तु नमः।

चौबीसों जिनराज के, चरण कमल चितलाय।
व्रत पालन, भव मेटने, अर्घ चढ़ाऊँ आय।।
जल फल आठों शुचि सार, ताको अर्घ करों।
तुमको अरपों भव तार, भव तरि मोक्ष वरों।।
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्द–कन्द सही।
पद जजत हरत भवफन्द, पावत मोक्ष मही।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि महावीरान्त चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

***

व्रत उद्यापन (हाथ जोड़ने) का पाठ

सर्व विघ्न विनाशनाय, सर्व कल्याण हेतवे।
णमो णमो श्रीपंचपरमेष्ठिभ्यो नमो नमः।।

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करें)

ॐ जय जय जय ! नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु !
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।

ॐ ह्रीं श्री भाव पूजा, भाव वंदना, त्रिकाल पूजा, त्रिकाल वंदना कर देव-शास्त्र-गुरु की साक्षी पूर्वक श्री जिनेन्द्र देव के 'व्रत का नाम' अपने आत्मकल्याण के निमित्त यथाशक्ति यथाभक्तिपूर्वक आज पर्यन्त पालन किया है - आगे के लिए भावना भाऊँगा/भाऊँगी। हे भगवन् ! अब मैं (नाम) आज 'दिन' इस व्रत का उद्यापन (विसर्जन) आपके चरणों में पंच परमेष्ठी की साक्षीपूर्वक करता हूँ/करती हूँ। ते सहायक भवन्ति - ते सहायक भवन्ति। व्रत के पालन में जाने-अनजाने अथवा प्रमाद वश जो भी दोष, अतिचार, अनाचार लगे हों - वे सब पाप मिथ्या हों।

मैं अपने मन-वचन-काय की शुद्धिपूर्वक क्षमायाचना कर प्रतिक्रमण करता हूँ/करती हूँ।

ॐ शान्तिरस्तु, कल्याणमस्तु, सर्व सिद्धिरस्तु।

जल चन्दन अक्षत पुष्प दीप नैवेद्य धूप फल लाया हूँ।
अब तक के संचित कर्मों का, मैं पुंज जलाने आया हूँ।।
यह अर्घ समर्पित करता हूँ, अविचल अनर्घ पद दो स्वामी।
हे ! पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुःख मेटो अंतर्यामी।।

ॐ ह्रीं पंच परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

***

नवजात बालक का प्रथम जिन दर्शन

यह संस्कार बालक के जन्म से 45 दिन का हो जाने पर कराया जाता है। परिवार की महिलाएँ जच्चा-बच्चा को नहला कर, नवीन वस्त्र पहिनाकर गाजे-बाजे से मंगल गीत गाती हुई, देव दर्शन हेतु श्री जिन मंदिरजी ले जाती हैं। साथ में लाल या पीला एक मीटर का नया वस्त्र जिस पर साथिया अंकित हो, एक श्रीफल, ग्यारह रुपये, बादाम, चावल ले जाती हैं। मन्दिरजी पहुँचकर बाहर दरवाजे पर दोनों तरफ केशर से साथिया बनाती हैं। मन्दिरजी प्रांगण पर सात गोलियाँ रोली से बनाती हैं और उन सब में एक-एक बादाम/बताशा रखती हैं। बीच वाली गोली में लड्डू एवं सवा रुपये भी रखती हैं। जच्चा उन गोलियों को बाएँ पाँव से उंगाल कर देव दर्शन हेतु श्रीजी के सम्मुख पहुँचती है। धीरे से झालर बजाती है। वहाँ 'ॐ नमः सिद्धेभ्यः, ॐ जय जय जय, नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु' बोलकर बैठते हुए ढ़ोक देती हैं। तदुपरान्त साथ में लाए श्रीफल एवं ग्यारह रुपये सहित चावल व बादाम वेदी पर बालक का हाथ लगाते हुए चढ़ाती हैं।

श्रीजी के सम्मुख वेदी पर लाए हुए नए वस्त्र को बिछाकर बालक को उस पर पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख सुला देते हैं। घर के वयोवृद्ध या किसी विद्वान व्यक्ति के द्वारा निम्न मंत्र पढ़कर बालक के भाल पर केशर का तिलक करें ह्रह्र

मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतमो गणी।
मंगल कुन्दकुन्दाद्यो, जैन धर्मोस्तु मंगलं।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः तव भाल स्थले सर्व सुख शान्त्यर्थं तिलकं करोमि।

मंगलाचरण

ओंकारं बिन्दु संयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमोनमः।।
अर्हन्तो भगवन्त इन्द्रमहिताः सिद्धाश्च सिद्धीश्वराः।
आचार्या जिनशासनोन्नतिकराः पूज्या उपाध्यायकाः।।
श्री सिद्धांत सुपाठकाः मुनिवरा रत्नत्रयाराधकाः।
पञ्चैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं कुर्वन्तु ते मंगलम्।।
श्री वर्द्धमान मर्हन्तमनन्त शक्तिम्।
आनन्दकन्द मभिनम्य जगत् प्रकाशम्।।
धर्म प्रकाशन कृतै क्रियतेऽत्र सार्वः।
संस्कार पावन विधिर्विधिवज्जिनोक्तः।।
संस्कारतो भवति मानव विशुद्धा।
संस्कारतो भवति सर्व मनिद्यमिद्धम्।।

अब बालक के दाएँ कान में नौ बार णमोकार महामंत्र सुनावें। फिर बाएँ कान में नौ बार णमोकार महामंत्र सुनावें। अब ॐ नमोऽर्हते भगवते जिन भास्कराय जिनेन्द्र प्रतिमा दर्शने अस्य बालकस्य दीर्घायुष्यं आत्मदर्शनं च भूयात् बोलकर यह मंत्र बोलेंह्ह ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतं वर्षणे अमृत श्रावय श्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय ठः ठः ह्रीं नमः स्वाहा और बालक के शरीर पर गन्धोदक की हल्की सी वर्षा कर देवें, उसके ललाट नेत्रों के भी लगा देवें। उससे कहें – हे चिरंजीव... (नाम) आज से आप भी जिनेन्द्र देव के समक्ष जैनधर्म के उपासक बन गए हो। अब निम्नांकित आशीर्वाद सूचक मंत्र पढ़ें और पुष्प वर्षा करें ह्ह

दीर्घायुस्तु शुभमस्तु सुकीर्तिरस्तु।
सद्बुद्धिरस्तु धनधान्य समृद्धिरस्तु।।
आरोग्यमस्तु विजयोऽस्तु महोऽस्तु पुत्र–
कल्याणमस्तु तव सिद्धपति प्रसादात्।

पापानि शाम्यन्तु, घोराणि शाम्यन्तु, प्रतिकूलानि शाम्यन्तमु
पुण्यं वर्धताम्, धर्मोवर्धताम्, सौख्यं वर्धताम्।
शीलं वर्धमातम्, ज्ञानं वर्धताम्, अभयं वर्धताम्।
श्रीं वर्धताम्, आरोग्यं वर्धताम् वर्धताम् वर्धताम् वर्धताम्।।1।।

स्वस्तिभद्रंचास्तु श्री मज्जिनेन्द्र चरणार र्विन्देष्वान्द भक्तिः सदास्तु।।

(पुष्प वर्षा करें)

अब माता–पिता अपनी शक्ति अनुसार बालक को जैन बनने की प्रसन्नता में मन्दिर में कम से कम 111 रुपये चढ़ावें या गुल्लकजी में डालें।

***

नामकरण संस्कार

वैसे तो नवजात बालक का नाम कर्म संस्कार जन्म दिन के दसवें या ग्यारहवें दिन शुभ मुहूर्त में कराया जाता है। फिर भी प्रथम जिन दर्शन के समय अवश्य कर लेना चाहिए। इस हेतु निम्नांकित मंत्र पढ़कर जो नाम निकलवाया है या आपने विवेकानुसार रखा है उसे श्रीजी के सम्मुख परिजनों के सामने बोलकर सुना दिया जावे ह्ह

''अष्ट सहस्रनाम भागी भव। विजयनामाष्ट सहस्त्र भागी भव। परमनामाष्टी सहस्त्र भागी भव। नवजात बालक का नाम..... रखा गया है। कल्याणमस्तु भव। तव सिद्धपति प्रसादात्।''

।। जय जिनेन्द्र ।।

भक्तामरस्तोत्रम्

(श्रीमानतुंगाचार्य विरचित)

भक्तामर-प्रणत-मौलि-मणि-प्रभाणा-मुद्योतकं दलित-पाप-तमो-वितानम्।
सम्यक् प्रणम्य जिन-पाद-युगं युगादा-वालम्बनं भव-जले पततां जनानाम्।।1।।

यः संस्तुतः सकल-वाङ्मय-तत्त्व-बोधा-दुद्भूत-बुद्धि-पटुभिः सुर-लोक-नाथैः।
स्तोत्रैर्जगत्त्रितय-चित्त-हरैरुदारैः स्तोष्ये किलाहमपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम्।।2।।

बुद्ध्या विनाऽपि विबुधार्चित-पादपीठ स्तोतुं समुद्यतमतिर्विगत-त्रपोऽहम्
बालं विहाय जलसंस्थितमिन्दु-बिम्ब मन्यः कः इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम्।।3।।

वक्तुं गुणान्गुणसमुद्र! शशांककांतान् कस्ते क्षमः सुरगुरुप्रतिमोऽपि बुद्ध्या।
कल्पान्तकालपवनोद्धतनक्रचक्रम् को वा तरीतुमलमम्बुनिधिं भुजाभ्याम्।।4।।

सोऽहं तथापि तव भक्तिवशान्मुनीश! कर्तुं स्तवं विगतशक्तिरपि प्रवृत्तः।
प्रीत्यात्मवीर्यमविचार्य मृगी मृगेन्द्रम् नाभ्येति किं निजशिशोः

लघु स्वयंभू स्तोत्र

येन स्वयंबोधमयेन लोका, आश्वासिता: केचन वित्तकार्ये।
प्रबोधिता: केचन मोक्ष–मार्गे, तमादिनाथं प्रणमामि नित्यम्।।1।।

इन्द्रादिभि: क्षीरसमुद्र–तोयै:, संस्नापितो मेरुगिरौ जिनेन्द्र:।
य: कामजेता जन–सौख्यकारी, तं शुद्ध–भावा–दजितं नमामि।।2।।

ध्यान–प्रबन्ध: प्रभवेन येन, निहत्य कर्म–प्रकृति: समस्ता:।
मुक्ति–स्वरूपां पदवीं प्रपेदे, तं संभवं नौमि महानुरागात्।।3।।

स्वप्ने यदीया जननी क्षपायां, गजादि वह्न्यन्तमिदं ददर्श।
यत्तात इत्याह गुरु: परोऽयं, नौमि प्रमोदा–दभिनंदनं तम्।।4।।

कुवादिवादं जयता महान्तं, नय प्रमाणै–र्वचनै–र्जगत्सु।
जैनं मतं विस्तरितं च येन, तं देवदेवं सुमतिं नमामि।।5।।

यस्यावतारे सति पितृधिष्ण्ये, ववर्ष रत्नानि हरे–र्निदेशात्।
धनाधिप: षण्णव–मास पूर्वं, पद्मप्रभं तं प्रणमामि साधुम्।।6।।

नरेन्द्र – सर्पेश्वर नाक – नाथैर् – वाणी भवन्ती जगृहे स्वचित्ते।
यस्यात्म–बोध: प्रथित: सभाया–महं सुपार्श्वं ननु तं नमामि।।7।।

सत्प्रातिहार्यातिशय – प्रपन्नो, गुण – प्रवीणो हत – दोष संग:।
यो लोक–मोहान्ध–तम: प्रदीपश्, चन्दप्रभं तं प्रणमामि भावात्।।8।।

गुप्तित्रयं – पंच महाव्रतानि – पंचोपदिष्टा: – समितिश्च येन।
बभाण यो द्वादशधा तपांसि, तं पुष्पदंतं प्रणमामि देवम्।।9।।

ब्रह्मा–व्रतांतो जिन नायकेनोत्–तम क्षमादि–र्दशधापि धर्म:।
येन प्रयुक्तो व्रत–बंध–बुद्धया, तं शीतलं तीर्थकरं नमामि।।10।।

गणे जनानंदकरे धरान्ते, विध्वस्त–कोपे प्रशमैक–चित्ते।

ऋषि मंडल स्तोत्र (हिन्दी)

(अनुवाद–आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमति माताजी)

शम्भु छन्द

आदि अक्षर 'अ' अंताक्षर 'ह' इन दो को ले लेने में।
'ख' से लेकर 'व' पर्यंत सब अक्षर आ जाते इनमें।।
अग्नि ज्वाला 'र' बीजाक्षर ऊपर यह बिंदु सहित सुंदर।
'अर्ह' यह मंत्र बना सुन्दर इससे यह मंत्र मनोमल शोधनकर।।1।।

ॐ अर्हंतो को नमस्कार, ॐ सिद्धों को द्वय नमस्कार।
ॐ सर्वसूरी को नमस्कार, ॐ पाठकगण को नमस्कार।।
ॐ सर्व साधु को नमस्कार, ॐ सम्यग्दृग् को नमस्कार।
ॐ शुद्ध ज्ञान को नमस्कार, ॐ चारित को द्वय नमस्कार।।2।।

इन अरहंतादि आठपद को, निज निज बीजाक्षर युत करके।
अठ दिश में स्थापन करते, ये लक्ष्मीप्रद है सुख करते।।,
पहला पद शिर का रक्षक हो, दूजा मस्तक का त्राण करे।
तीजा पद दोनों दृग् रक्षे, चौथा पद नासा त्राण करे।।3।।

पंचम मुख का रक्षाकर हो, छट्ठा पद ग्रीवा को रक्षे।
सप्तम पद नाभि तक रक्षे, अष्टम पद पादों तक रक्षे।।
पहले प्रणवाक्षर ॐ पुन: 'ह' को रकार औ बिन्दु सहित।
दूजी तीजी पंचम छट्ठी सप्तम अष्टम दशवीं द्वावश।।4।।

इन मात्रा युत करके पाँचों, पद के पहले अक्षर।।
फिर सम्यग्दर्शन ज्ञान और चारित्र विभक्ति युत सुखकर।
हो ह्रीं नम: बस इसविध से अतिशायी मंत्र बना सुदर।।
यह ऋषिमण्डलस्तवनयन्त्र, का मूलमन्त्र है श्रेयस्कर।।5।।

तिथि वार नक्षत्र के मेल से बनने वाले

विविध– योग

सिद्ध योग

नन्दा	1/6/11	शुक्र	नन्दा	1/6/11	रविवार–मंगल
भद्रा	2/7/12	बुध	भद्रा	2/7/12	चन्द्रवार–शुक्र
जया	3/8/13	सोम	जया	3/8/13	बुधवार
रिक्ता	4/9/14	शनि	रिक्ता	4/9/14	गुरुवार
पूर्णा	5/10/15/30	गुरु	पूर्णा	5/10/15/30	शनिवार

मृत्यु योग

अमृत सिद्धि योग

रवि को हस्त, पुष्य हो गुरु को, बुध अनुराधा, अश्विनी भोम।
अमृत सिद्धि रेवती भृगु को, मन्द रोहिणी मृगसिर सोम।।

अन्यश्च

उत्तराषाढ़ा को सोम, रवि को अनुराधा, बुध को अश्विनी, गुरु को मृगसिर, शुक्र की आश्लेषा, मंगल को शतभिषा और शनि को हस्त भी मृत्यु योग है।

सर्वार्थ सिद्धि योग

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	वार
हस्त	श्रव	अ.	रो.	रे.	रे.	श्रव	नक्षत्र
मू.	रो.	अ.	अनु.	अनु.	अनु.	रोहि	नक्षत्र
उ. 3	मृग	उ. भा	हस्त	पु.	अश्वि.	स्वा.	नक्षत्र
पु.	पु.	कृति	कृति	अ.	पुन.	0	नक्षत्र
अ.	अनु	0	मृ.	0	अ.	0	नक्षत्र

त्रिपुष्कर द्विपुष्कर योग

शनिवार, रविवार या मंगलवार को भद्रा तिथि (2, 7, 12) और कृतिका पुनर्वसु, उत्तरा फाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढ़ा और पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र हो तो इन तीनों के संयोग से त्रिपुष्कर योग होता है।

उपरोक्त तिथियों और वारों को मृगशिरा, चित्रा घनिष्ठा नक्षत्र हों तो द्विपुष्कर योग होता हैं।

त्रिपुष्कर योग में कोई अच्छा कार्य हो तो तीन अच्छे कार्य होंवे तथा त्रिपुष्कर में अच्छे कार्य घर में हो तो दो मंगल काम घर में और होंगे।

अभिजित् योग (नक्षत्र)

रविवार को 20 अंगुल की सोम को 16 की, भौम को 15 की बुध को 14 की, गुरु को 13 की, शुक्र को 12 की तथा शनि को 12 की (अंगुल की) सीक धूप में खड़ी करें और जब मध्याह्न को सींक की जड़ में छाया आ जाय उस समय एक घड़ी का अभिजित् मुहूर्त (योग) पंडितों ने कहा है, इसमें जो कार्य किये जाते हैं, सब सिद्ध होते हैं। अभिजित में पैदा हो तो राजा हो, व्यापार करे तो अच्छा लाभ हो। चाहे जैसा किसी दिन अति निषिद्ध योग हो तो भी यह योग सर्व मंगल दायक है, छाया मध्याह्न में ठीक जड़ में नहीं आवेगी, कुछ आवेगी सिन्दौसी आवेगी। क्योंकि सींक के अंगुलों में फर्क है और समय एक है।

अभिजित् योग चक्र

वार	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
अंगुल	20	16	15	14	13	12	12

भद्रावास

जो पुरुष भद्रा के मुख में (सन्मुख) एक कोस भी जाता है, कुछ दूर नहीं जाता है तो उसका फिर लौटना नहीं होता है। जैसेह्वह्व समुन्द्र से नदी उल्टी नहीं आती है।

पूर्व दल पर दल

कृष्ण पक्ष की दशमी और तृतीया को पर दल मैं यानि इन दो तिथियों को पिछले आधे भाग में भद्रा रहती है। और कृष्ण पक्ष को सप्तमी और चतुर्दशी को पूर्वंदल अर्थात् पहिले आधे भाग में भद्रा रहती है।

शुक्ल पक्ष की एकादशी और चतुर्थी को पर दल में भद्रा रहती है एवं शुक्ल पक्ष की अष्टमी तथा पूनम का पूर्वदल में भद्रा रहती है।

भद्रा निवास

चन्द्र	मेष, वृष, कर्क, मकर	स्वर्ग लोक	शुभ
लोक	मिथुन, कन्या, तुला, धनु	पाताल लोक	शुभ
फलम्	सिंह, वृश्चिक, मकर, कुम्भ	मृत्यु लोक	अशुभ

भद्रा मुख

लोक की भद्रा	स्वर्ग	पाताल	मृत्यु लोक
मुख	ऊपर	नीचे	सम्मुख
फल	ठीक	ठीक	खराब

पंचक विचार

धनिष्ठा नक्षत्र से रेवती नक्षत्र तक पाँच पंचक माने जाते हैं।

या **8 दिशायें**



कुम्भ के चन्द्रारम्भ से मेष चन्द्रारम्भ तक पंचक माने जाते हैं। इन दिनों में घर छाना, तृण, काष्ठादि संग्रह खाट बुनना, दक्षिण दिशा में गमन करना निषिद्ध है।

दिशा शूल

सोम, शनेश्चर पूरब वासा। रवि, शुक्र पश्चिमी निवासा।।
भौम बुध उत्तर में हैं। दक्षिण में गुरु एक हैं।।

दिशा शूल पीठ पीछे या बांया श्रेष्ठ है। जैसे गुरुवार को उत्तर दिशा या पश्चिम दिशा में यात्रा करने में शुभ तथा दक्षिण में अशुभ जानों।

चन्द्र निवास

चन्द्रमा मेष, सिंह और धन राशि पर हो तो पूर्व में निवास। वृष, कन्या मकर का हो तो दक्षिण में निवास और कर्क, वृश्चिक, मीन राशि पर चन्द्र हो तो उत्तर दिशा में चन्द्रवास होता है।

चन्द्रमा सामने या दाहिना श्रेष्ठ है। बायें में धन नाश और पीठ पीछे का प्राण नाशक होता है।

योगिनी वास

1/9 तिथि को योगिनी पूर्व में। 2/10 को उत्तर में 3/11 को अग्निकोण में 4/12 को नैऋत्य कोण में। 5/13 को दक्षिण में । 6/14 को पश्चिम में, 7/15 को वायव्य कोण में। 8/30 को ईशान कोण में योगिनी वास रहता है।

योगिनी बांई तथा पीठ पीछे शुभ है। दाहिनी धन नाशक और सन्मुख मृत्युप्रद है।

काल राहू वास

शनिवार को पूर्व में, शुक्रवार को अग्निकोण में गुरुवार को दक्षिण में बुधवार को नैऋत्य कोण में, मंगलवार को पश्चिम में तथा सोमवार को वायव्य कोण में और रविवार को उत्तर दिशा में काल राहू रहता है यह यात्रा में बायें तथा पीठ में शुभ है एवं सामने और दायां नेष्ठ है।

दिशाशूल परिहार

रविवार को घी खाकर, सोमवार को दूध, मंगलवार को गुड़, बुधवार को तिल, गुरुवार को दही, शुक्रवार को जौ तथा शनिवार को उड़द खाकर तथा दान देकर यात्रा करे तो दिशा का दोष मिट जाता है।

निषिद्ध योग

ज्येष्ठा और मूल नक्षत्र को पूर्वाफाल्गुनी तथा हस्त नक्षत्र को उत्तर दिशा में, पूर्वाभाद्रपद और अश्विनी को यमदिशा अर्थात् दक्षिण दिशा में और पुष्य नक्षत्र को पश्चिम दिशा में यात्रा न करें।

घात चन्द्रमा

एक, पाँच, नौ, दो, छः, दस, तीन, सात, चार, आठ, ग्यारह और बारह इस तरह ये चन्द्रमा मेघादि राशियों के पुरुषों को क्रमशः घातक होते है। जैसेह्नह्न मेष राशि वाले को पहिला, वृषभ वाले को पाँचवां, मिथुन को सातवाँ घातक है। इसी तरह सर्व राशियों को चन्द्रमा का घात जानना।

घात चन्द्र में रोग हो तो मृत्यु युद्ध में जाने से पराजय, यात्रा काल में जाने

से बन्धन होवे, विवाह में स्त्री विधवा होवे, ऐसा घातक चन्द्र फल है।

❋❋❋

वार–तिथि–नक्षत्र परत्वेन–सिद्धियोग–कुयोग चक्रम्

वार	तिथि	नक्षत्र	योग	फल
रविवार	8	अश्वि., हस्त, मूल, पुष्य धनिष्ठा तीनों उत्तरा	सिद्धि योग	शुभ
रविवार	14, 12, 7	विशाखा, मघा, ज्येष्ठा, भरणी अनुराधा	कुयोग	अशुभ
सोमवार	9, 10	पुष्य, अनुराधा, श्रवण, रोहिणी मृगशिरा	सिद्धि योग	शुभ
सोमवार	11, 6,13	चित्रा, विशाखा, पूषा, उषा	कुयोग	अशुभ
मंगलवार	8,3,7,13	मूल, अश्विनी, आश्लेषा, मृगशिर उत्तराभाद्रपद	सिद्धियोग	शुभ
मंगलवार	2, 10	शतभिषा, आर्द्रा, धनिष्ठा, पूर्वा–भाद्रपद, मघा, उत्तराषाढ़	कृयोग	अशुभ
बुधवार	12,2,7,10	अनुराधा, पुष्य, कृत्तिका, रोहिणी, मृग	सिद्धियोग	शुभ
बुधवार	3,9,1	मृग, नूल, धनिष्ठा, रेवती, अश्विनी	कुयोग	अशुभ
गुरुवार	10,5,15	रेवती, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य–अनुराधा	सिद्धियोग	शुभ
गुरुवार	8, 6, 4	शतभिषा, आर्द्रा, कृत्तिका, मृग–शिरा, उत्तराफाल्गुनी, रोहिणी	कुयोग	अशुभ
शुक्रवार	11,6,1,13	चित्रा, उत्तराफाल्गुनी, रेवती, श्रवण, पुनर्वसु	सिद्धियोग	शुभ
शुक्रवार	2,7	रोहिणी, पुष्प, आश्लेषा, ज्येष्ठा	कुयोग	अशुभ
शनिवार	9,4,1,3	रोहिणी, स्वाती, श्रवण, पूर्वा	सिद्धियोग	शुभ

		फाल्गुनी, मघा		
शनिवार	6,7	हस्त, उत्तराषाढ़ा, चित्रा	कुयोग	अशुभ
		उत्तराफाल्गुनी, रेवती		

अमृत सिद्धि योग यन्त्र

रवि	**सोम**	**मंगल**	**बुध**	**गुरु**	**शुक्र**	**शनि**
ह.	मृग.	अश्वि.	अनु.	उत्तरात्रय	श्र.	वि.कृ.
पुन पु.	रो.	रे.	श.	पुष्य	रे.	रो.

सर्वार्थ सिद्धि योग

रवि	**सोम**	**मंगल**	**बुध**	**गुरु**	**शुक्र**	**शनि**
हस्त	श्रवण	अश्विनी	रोहिणी	रेवती	रेवती	श्रवण
मूल	रोहिणी	उ.भा. पद	अनुराधा	अनुराधा	अनुराधा	रोहिणी
उत्तरात्रय	मृगशिर	कृतिका	हस्त	अश्विनी	अश्विनी	स्वाति
पुष्य	पुष्य		कृत्तिका	पुनर्वसु	पुनर्वसु	
अश्विन	अनुराधा		मृगशिरा	पुष्य	श्रवण	

उक्त दोनों योगों को मुहूर्त हेतु देख लेना चाहिए। रवि से शरि तक क्रमशः भरणी, चित्रा, उत्तरायण, घनिष्ठा, उत्तरा फाल्गुनी, ज्येष्ठा, रेवती त्याज्य है।

उत्पात–मृत्यु–काण–तिथि–योग–चक्र

फल	**रवि**	**सोम**	**मंगल**	**बुध**	**गुरु**	**शुक्र**	**शनि**
उत्पात	वि.	पू.षा.	घ.	रे.	रो.	पुण्य	उ.फा.
मृत्यु	अनु.	उ.षा.	श.	अश्वि.	भृ.	आश्ले.	ह.
काण	ज्ये.	अश्वि.	पू.षा.	भ.	आर्द्रा	मघा	चि.
सिद्धि	मू.	श्र.	उ.आ.	कृ.	पुन.	पू.फा.	स्वा.

(वसुनंदि प्रतिष्ठा पाठ)

उक्त मुहूर्त सामान्य रूप में हैं, परन्तु पंचाँग द्वारा इसमें प्रतिष्ठाकारक, प्रतिष्ठाचार्य व प्रतिमा नाम से भी चन्द्रमा देखा जाता है जो उनकी राशि से 4, 8 व 12 वाँ न हो। यह देखकर उस प्रतिष्ठा मुहूर्त में प्रतिमा विराजमान की जाती है। इसमें कुछ योग भी जानना हैं।

***

दिन का चौघड़िया

रवि	**सोम**	**मंगल**	**बुध**	**गुरु**	**शुक्र**	**शनि**
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात का चौघड़िया

रवि	**सोम**	**मंगल**	**बुध**	**गुरु**	**शुक्र**	**शनि**
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ